सतना
15 अक्टूबर 2025 बुधवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



बतौर टीम हम...
@ पेज 7

## पाकिस्तानी युवती ने अश्लील वीडियो बनाकर फंसाया

**पहलगाम हमले के बाद सेना से जुड़ी जानकारी मांगी, 16 हजार में देश की जासूसी की**



**अलवर, एजेंसी।** अलवर से गिरफ्तार जासूस मंगत सिंह (42) से जुड़ी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। महज 16 हजार रुपए में उसने भारतीय सेना की खुफिया जानकारियां पाकिस्तान को भेजी थीं। पाकिस्तानी युवती मंगत को वीडियो कॉल कर करके अश्लील बातें करती थी। इस दौरान मंगत के अश्लील वीडियो उसने बना लिए और ब्लैकमेल करने लगी थी। मंगत को राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस ने 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वह करीब 3 महीने से पुलिसकर्मी सुरजन सिंह यादव के मकान में किराए पर रह रहा था।

**सोशल मीडिया पर शुरू हुई थी कहानी**–मामले की शुरुआत करीब छह महीने पहले हुई थी। मंगत को एक पाकिस्तानी लड़की की फेसबुक आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी। 7वीं कक्षा तक पढ़ा मंगत हिंदी और अंग्रेजी समझ लेता था। उसने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली और बातचीत शुरू हो गई। फेसबुक पर पांच दिन में ही दोनों की नजदीकियां बढ़ गई और चैट से बात वीडियो कॉलिंग तक पहुंच गई।

## टॉप नक्सली लीडर का 60 साथियों के साथ सरेंडर

एक करोड़ का इनामी था सोनू; टूटी नक्सलियों की कमर



**गढ़चिरौली, एजेंसी।**
नक्सवाद पर एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में कुख्यात माओवादी नेता मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने अपने 60 साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। सोनू पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था, जिसके बाद अब अबूझमाड़ में नक्सलियों की कमर पूरी तरह से टूट गई है। भाकपा-माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने मंगलवार (14 अक्तूबर) को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 60 माओवादी कार्यकर्ताओं के साथ हथियार डाल दिए। यह भाकपा-माओवादी के लिए एक बड़ा झटका है और यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और देश भर की राज्य सरकारों के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर अभियानों का परिणाम है।

**गुरुग्राम में बोले अमित शाह:एनएसजी में होगा बड़ा बदलाव:**

# ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास किया; कहा-लोगों को संतोष, देश सुरक्षित हाथों में



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के एक स्थापना दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार एनएसजी में बड़ा बदलाव करने जा रही है। इसके तहत अयोध्या में एनएसजी का नया सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनएसजी ने कई राष्ट्रीय संकटों से सफलतापूर्वक निपटा है और पूरे देश को एनएसजी पर गर्व है। अमित शाह ने अपने संबोधन के आरंभ में शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि हस्त्र ने चार दशकों से टेररिज्म के खिलाफ बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी है। देश के हर नागरिक को संतोष है कि हमारी सुरक्षा सुरक्षित हाथों में है। अमित शाह ने कहा कि एनएसजी के लिए देश को 6 जोन में बांटा जा रहा है और इसका हेड क्वार्टर मानेसर में ही रहेगा। इस बदलाव का उद्देश्य देश भर की पुलिस को एक साथ जोड़ना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तेजी से कार्रवाई की जा सके।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश पर जो आतंकवादी हमला हुए उसके आरोपी मार गिराए हैं। अगर कोई अचानक आतंकवादी हमला होता है तो हस्त्र ने पूरी प्लानिंग के साथ अपनी तैयारी कर रखी हैं। आने वाले दिनों में आधुनिक ट्रेनिंग के साथ साथ कार्य में भी हम बड़ा बदलाव करेंगे।

**आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस**– गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने एयर स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के आतंकवादियों को छुपने की जगह नहीं मिलेगी और भारत सरकार उन्हें दुनिया के किसी भी कोने से खोजकर सजा दिलाएगी।

**एनएसजी की भूमिका**– अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में एनएसजी की भूमिका की सराहना की और कहा कि एनएसजी देश की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने एनएसजी के जवानों को बधाई दी और कहा कि वे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**SOTC का शिलान्यास किया**– मानेसर में आज ब्लैक कैट स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर का भूमि पूजन होना है। अमित शाह ने इसका वर्चुअली शिलान्यास किया है। यह नया प्रशिक्षण केंद्र एनएसजी कमांडो को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे उनकी क्षमताओं को और निखारा जा सकेगा। यह केंद्र आधुनिक तकनीकों, सिमुलेशन-आधारित प्रशिक्षण, और विशेष अभियानों के लिए उन्नत संसाधनों से लैस होगा।

# भारत में 3 कफ सिरप के खिलाफ विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी, इनसे जान को खतरा

**कोल्ड्रिफ भी शामिल; म.प्र. में इससे 25 बच्चों की मौत हुई**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने सोमवार को भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, WHO ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं। WHO ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें।

कोल्ड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितंबर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई है। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल (DEG) की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई।

WHO ने 9 अक्टूबर को भारत से पूछा था कि क्या कोल्ड्रिफ कफ सिरप विदेशों में भी निर्यात किया गया था। भारत में दवाओं की निगरानी करने वाली अथॉरिटी, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (CDSCO) ने कहा था कि कोई भी मिलावटी दवा बाहर नहीं भेजी गई। न ही अवैध निर्यात का कोई सबूत मिला है।

श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द, कंपनी भी बंद तमिलनाडु स्थित कांचीपुरम में श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी कोल्ड्रिफ सिरप बना रही थी। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सोमवार को श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द कर दिया और कंपनी को आधिकारिक रूप से हमेशा के लिए बंद कर दिया। कंपनी के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। मध्य प्रदेश पुलिस की एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने उसे पकड़ा था। उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड (20 अक्टूबर तक) पर भेजा गया है। कोल्ड्रिफ में किडनी खराब करने वाला 48% जहर MP में बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मा की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर SR-13) जब्त की गई थी। चेन्नई की सरकारी ड्रग्स टेस्टिंग लैब में सैंपल भेजे गए। जांच में पता चला कि इसमें नॉन-फार्माकॉपिया ग्रेड प्रोपीलीन ग्लाइकॉल का इस्तेमाल हुआ था।

**दुर्गापुर गैंगरेप केस**

# पिता बोले- बंगाल में औरंगजेब का शासन महिला होकर ममता की बातें गैर-जिम्मेदाराना

### 5 गिरफ्तार आरोपियों को क्राइम सीन पर ले जाएगी पुलिस



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में MBBS स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पीड़ित के पिता ने सीएम ममता बनर्जी के बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया। पिता ने कहा- वह (मुख्यमंत्री) भी एक महिला हैं। वह (ममता बनर्जी) इतनी गैर-जिम्मेदाराना बात कैसे कह सकती हैं?

उन्होंने कहा- क्या महिलाओं को अपनी नौकरी छोड़कर घर बैठ जाना चाहिए? ऐसा लगता है कि बंगाल औरंगजेब के शासन में है। मैं अपनी बेटी को वापस ओडिशा ले जाना चाहता हूं। उसकी जिंदगी पहले है, उसका करियर बाद में।

दरअसल, दुर्गापुर में 10 अक्टूबर की रात मेडिकल स्टूडेंट के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है।

### ममता बनर्जी झूठा बयान दे रहीं, दुर्गापुर कांड में भाजपा ने घेरा ; टीएमसी सरकार पर उठाए सवाल

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से हैवानियत के बाद ममता सरकार विपक्ष के निशाने पर है। घटना पर सीएम ममता बनर्जी ने चुप्पी तोड़ते हुए साफ कहा था कि उनकी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती। हालांकि ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। अब मुख्यमंत्री के बयान पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने पलटवार करते हुए घेरा है। **ममता बनर्जी झूठा बयान दे रही हैं, बीजेपी हमलावर** :केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने अपने बयान में कहा कि ममता बनर्जी झूठा बयान दे रही हैं, क्योंकि घटना परिसर के अंदर नहीं हुई थी। यह सरकार की पूरी तरह से विफलता है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, ममता बनर्जी एक बार फिर झूठा बयान जारी कर रही हैं, क्योंकि घटना परिसर के अंदर नहीं हुई, छात्र निजी मेडिकल कॉलेज से है, लेकिन घटना कॉलेज के बाहर हुई।

**हरियाणा आईपीएस सुसाइडः**

# राहुल गांधी बोले- सरकार तमाशा बंद करे,मृतक के परिवार पर प्रेशर न डाले

**अफसरों को अरेस्ट करे, पीएम एक्शन लें**



**चंडीगढ़, एजेंसी ।** हरियाणा के सीनियर IPS अफसर वाई. पूरन कुमार के सुसाइड मामले को 7 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया है। मंगलवार सुबह ढ्ढक्क के परिवार से मिलने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार तमाशा बंद कर दे। राहुल ने कहा कि ढ्ढक्क के परिवार पर प्रेशर डाला जा रहा है। यह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा- हरियाणा सरकार अफसरों को अरेस्ट करे और दिवंगत IPS का अपमान न करे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी एक्शन लेने की अपील की।

इससे पहले हरियाणा सरकार ने छ्ढक्क शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया। उनकी जगह ओम प्रकाश सिंह को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

**सीएम का कमिटमेंट पूरा नहीं हो रहा:** IPS के परिवार से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा- ट्रेजेडी हुई है। सरकारी अफसर हैं। मुख्यमंत्री ने इन्हें पर्सनली कमिटमेंट दिया है कि वह कार्रवाई शुरू करेंगे। फ्री एंड फेयर इन्क्वायरी शुरू करेंगे। एक्शन इनीशिएट करेंगे। उन्होंने 3 दिन पहले ये कहा था। सीएम ने 3 दिन पहले ये कमिटमेंट दी थी, लेकिन वह पूरा नहीं हो रहा है।

**सालों ने सिस्टमेटिक डिस्क्रिमिनेशन हो रहा:** राहुल ने कहा- IPS की 2 बेटियां हैं। उन्होंने अपने पापा को खोया है। उन पर बहुत प्रेशर और डिस्टरबेंस हो रहा है। दलित कपल है। यह बिल्कुल क्लियर है कि 10-15 दिन से नहीं, बल्कि सालों से सिस्टमेटिक डिस्क्रिमिनेशन हो रहा है।

**देश के दलितों को गलत मैसेज गया:** राहुल बोले- इस अफसर को डिमोरलाइज करने के लिए, करियर और रेपुटेशन डैमेज करने के लिए दूसरे अफसर सिस्टमेटिक ढंग से दूसरे अफसर काम कर रहे थे। यह सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं है। देश में करोड़ों दलित भाई-बहन हैं। उनको गलत मैसेज जा रहा है। उन्हें मैसेज जा रहा है कि आप कितने भी सक्सेसफुल हों, कितने भी इंटेलिजेंट हों, कितने भी कैपेबल हों, अगर आप दलित हों तो आपको दबाया, कुचला और फेंका जा सकता है। यह हमें स्वीकार नहीं है।

**CM-PM जल्द कार्रवाई करें**– राहुल गांधी ने कहा- परिवार सिंपल मैसेज दे रहा है कि आप हमें रिस्पेक्ट दीजिए। बॉडी को डिसरिस्पेक्ट मत कीजिए। उनका करियर खत्म किया। मरने के बाद भी डिसरिस्पेक्ट कर रहे हैं। यह देश के हर दलित-भाई बहन का अपमान है। मैं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से कह रहा हूं कि आप जल्द से जल्द कार्रवाई कीजिए



# दिवाली-छठ के लिए सूरत के रेलवे स्टेशनों पर भीड़

**रोजाना 9 ट्रेनों से 20 हजार से ज्यादा लोग बिहार-यूपी के लिए रवाना हो रहे**

**सूरत, एजेंसी।** रेलवे स्टेशनों पर दिवाली-छठ पूजा पर गांव जाने वालों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। गुजरात में सूरत के उधना स्टेशन पर सुबह 5 बजे से लेकर रात 10 बजे तक 9 ट्रेनों से रोजाना 20 हजार से ज्यादा यात्री रवाना हो रहे हैं। यह संख्या आरक्षित यात्रियों की है। इनमें जनरल के यात्रियों की संख्या जोड़ दे तो संख्या और बढ़ सकती है।

दिवाली-छठ पूजा के साथ बिहार इलेक्शन भी दिवाली-छठ पूजा के साथ इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। इसकी वजह से सूरत और उधना स्टेशन पर रिकर्ड भीड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए रेलवे ने क्राउड मैनेजमेंट लागू कर दिया है। प्लेटफॉर्म टिकट बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

सूरत और उधना रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इसके चलते 15 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक उधना स्टेशन से पार्सल बुकिंग और हैंडलिंग पर भी अस्थायी रोक लगा दी गई है।

आज से चलेंगी अनारक्षित पूजा स्पेशल ट्रेनें चलेंगी पश्चिम रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा त्योहारों के दौरान उत्तर भारत जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उधना और वलसाड स्टेशनों से अनारक्षित पूजा स्पेशल ट्रेनें शुरू करने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 14 से 29 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न शहरों के लिए रोजाना चलेंगी, जिससे यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा।




# देश में 110 साल की तीसरी सबसे तेज ठंड पड़ेगी

**हिमालय का 86प्रतिशत हिस्सा बर्फ से ढंका; म.प्र.-राजस्थान में रात का तापमान 15डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा**



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ, एजेंसी।** देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86प्रतिशत हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढंक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3डिग्री कम बना हुआ है। इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है। दिसंबर में ला नीना सक्रिय हो रहा है। जो प्रशांत महासागर के तापमान के सामान्य से ठंडा होने की एक मौसमी घटना है। इसके कारण भारत में अच्छी बारिश और ज्यादा ठंड पड़ती है।ऊपरी हिमालय यानी 4 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में औसत तापमान माइनस 15डिग्री या उससे भी कम रहता है। ला नीना के कारण उत्तर, मध्य और पूर्वी भागों में औसत तापमान 3-4डिग्री तक और गिर सकता है। मध्य प्रदेश में ठंड ने समय से पहले दस्तक दे दी है। भोपाल में मिनिमम टेम्परेचर 15.8डिग्री रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3.6डिग्री कम है। भोपाल में यह तापमान पिछले 26 साल में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में तीसरी बार इतना कम रिकॉर्ड हुआ है। इधर, राजस्थान में दिन और रात के तापमान में अंतर नजर आने लगा है। सीकर में रात का मिनिमम टेम्परेचर 15डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। नेपाल से लेकर कश्मीर तक एक ही नजारा, बर्फ का कैचमेंट भी बढ़ा डॉ. मेहता के मुताबिक ताजा बर्फबारी ने ग्लेशियरों की सेहत दुरुस्त होने के भी संकेत दिए हैं। हिमालय पर तापमान कम होने के चलते इस बार बर्फ पिघल नहीं रही। इससे ग्लेशियर 5 साल के लिए रिचार्ज हो जाएंगे। पूरे उत्तर भारत की नदियों के स्रोत नहीं सूखेंगे। सिक्किम, कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल से लेकर नेपाल तक पूरे उच्च हिमालय पर सफेद बर्फ की चादर बिछी हुई है। बर्फ का कैचमेंट एरिया भी बढ़ गया है। इसी वजह से मध्य और निम्न हिमालयी क्षेत्रों व मैदानों में अक्टूबर से ही पारा गिरने लगा है। दुनिया का औसत तापमान 122 साल में 0.99 डिग्री बढ़ा, अब घट रहा वैज्ञानिक आंकड़े बताते हैं कि भारतीय उपमहाद्वीप का औसत सतही तापमान पिछले 122 सालों में 0.99 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, लेकिन 2025 के आखिर तक यह वृद्धि अस्थायी रूप से उलट जाएगी, क्योंकि ला नीना के कारण वैश्विक औसत तापमान 0.2 डिग्री तक गिरने की संभावना है।

# महिलाओं को अंतरंग तस्वीरें वायरल करने का खौफ दिखाकर रकम ऐंठने वाला जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक जालसाज को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपित सोशल मीडिया पर महिलाओं के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उनसे दोस्ती करता था। फिर उनकी अंतरंग तस्वीरें लेने बाद उन्हें वायरल करने की धमकी देकर जबरन वसूली करता था। आरोपित मनोज वर्मा के पास से एक मोबाइल फोन मिला है। पुलिस जांच में उसके मोबाइल फोन से व्हाट्स ऐप चैट, अश्लील वीडियो और फर्जी फेसबुक अकाउंट मिले हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है।




पुलिस के मुताबिक, 21 सितंबर को साइबर थाना पुलिस को एक महिला ने शिकायत दी। महिला ने शिकायत में बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला बनकर उससे फेसबुक पर दोस्ती की। दोस्ती के बाद दोनों के बीच व्हाट्स ऐप पर बातचीत होने लगी। आरोपित ने महिला से अंतरंग तस्वीरें और वीडियो साझा करने के लिए कहा। जब महिला ने फोटो व वीडियो भेज दिए तो उन्हें वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगने लगा। पीड़िता ने डरकर आरोपित को कई लाख रुपये दिए। आरोपित लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा।

इंस्पेक्टर विकास की टीम ने बीएनएस की धारा 308(2)/351(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। एसआई विकास राठी, हेड कांस्टेबल जगदीश की टीम ने आरोपित के मोबाइल नंबर की मदद से उसकी यूपीआई ट्रेल्स, गूगल/जीपे अकाउंट और आईपी लॉग का विश्लेषण किया। इसकी मदद से आरोपित के लखनऊ में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने वहां छापा मार कर मनोज वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि मनोज ने कई महिलाओं के फोटो की मदद से फर्जी अकाउंट बनाए। उसने अनेक महिलाओं को ब्लैकमेल किया।

### सूचना में थोड़ी देरी अपराध नहीं

# दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी, डीपीएस द्वारका के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के आरोप खारिज

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका और उसके अधिकारियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 21 के तहत लगाए गए आरोप खारिज कर दिए। अदालत ने कहा कि बाल यौन अपराध की रिपोर्टिंग के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं है और स्कूल की ओर से की गई आंतरिक जांच के कारण हुई थोड़ी देर को अपराध नहीं माना जा सकता है। यह फैसला जस्टिस अमित महाजन ने 10 अक्टूबर को सुनाया, जिसमें निचली अदालत के 15 मार्च 2023 के आदेश को रद्द कर दिया गया। मामला अप्रैल 2022 का है, जब डीपीएस द्वारका में आईडी कार्ड के लिए फोटो खिंचवाने के दौरान एक फोटोग्राफर के सहायक पर एक नाबालिग छात्रा से अनुचित व्यवहार का आरोप लगा। छात्रा ने




तुरंत अपनी शिक्षिका को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद स्कूल काउंसलर और वाइस-प्रिंसिपल से बात हुई। स्कूल अधिकारियों ने सुबह 11=40 बजे जानकारी मिलने के बाद आंतरिक जांच की और दोपहर 1=15 बजे छात्रा की मां को सूचित किया। मां ने दोपहर 2=58 बजे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत एफआईआर दर्ज हुई।

निचली अदालत ने स्कूल पर छवि बचाने के चलते देरी का लगाया था आरोपः निचली अदालत (द्वारका सेशंस कोर्ट) ने स्कूल अधिकारियों पर पॉक्सो एक्ट की धारा 21 के तहत आरोप तय किए थे, जिसमें बाल यौन अपराध की सूचना न देने पर सजा का प्रावधान है। अदालत ने कहा था कि स्कूल ने अपनी प्रतिष्ठा की चिंता में पुलिस को तुरंत सूचित नहीं किया और छात्रा को मानसिक प्रताड़ना दी। साथ ही, स्कूल को नोटिस जारी कर पूछा गया था कि पीड़िता का पुलिस बयान कैसे हासिल किया गया। न्यायमूर्ति महाजन ने कहा कि पॉक्सो एक्ट की धारा 19 और 21 में रिपोर्टिंग के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई गई है। अदालत ने दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग की 2013 की गाइडलाइंस का हवाला दिया, जिसमें घटना की सूचना मिलने पर 24 घंटे में जांच शुरू करने और 48 घंटे में पुलिस को रिपोर्ट करने का प्रावधान है।

# नकली सिगरेट सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ चार गिरफ्तार, 2.4 लाख सिगरेट की स्टिक जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपराध शाखा ने नकली सिगरेट की आपूर्ति में कथित रूप से शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपियों परवीन सिंह (32), पुनीत गुप्ता (35), पवन गुप्ता (29) और दिलीप यादव (21) को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लगभग 2.4 लाख सिगरेट की स्टिक जब्त की हैं।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने 9 अक्तूबर को पश्चिमी दिल्ली के निलोठी एक्सटेंशन इलाके में छापा मारा। इस दौरान दो संदिग्धों पवन गुप्ता और पवन यादव को नकली सिगरेट के 14 कार्टन, लगभग 1.6 लाख स्टिक से भरे एक टेंपो के साथ पकड़ा। डीसीपी ने कहा है कि आईटीसी लिमिटेड के एक प्रतिनिधि ने मौके पर ही सिगरेट के नकली होने की पुष्टि की। पूछताछ के आधार पर दो और आरोपियों परवीन सिंह और पुनीत गुप्ता को चंदर विहार चौक इलाके से गिरफ्तार किया गया और नकली सिगरेट के आठ कार्टन (80,000 सिगरेट) ले जा रहे एक अन्य वाहन को जब्त कर लिया गया। आरोपियों से कुल 2.4 लाख नकली और प्रतिबंधित सिगरेट बरामद की गई।



डीसीपी ने बताया कि अपराध शाखा पुलिस स्टेशन में बीएनएस, कॉपीराइट अधिनियम और सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी दिल्ली में नकली सिगरेट की तस्करी में लिप्त एक बड़े गिरोह का हिस्सा थे, जो बड़ी खेपों को छोटे-छोटे लॉट में बांटकर व्यस्त बाजार क्षेत्रों और मेट्रो स्टेशनों के पास रेहड़ी-पटरी वालों और खुदरा विक्रेताओं को सप्लाई करते थे। पुलिस ने कहा कि परवीन सिंह वितरण प्रबंधन में एक प्रमुख स्थानीय कार्यकर्ता के रूप में काम करता था, जबकि पुनीत गुप्ता बिक्री और डिलीवरी की देखरेख करने वाले समन्वयक के रूप में काम करता था। पवन गुप्ता निलोठी और आस-पास के इलाकों में स्थानीय आपूर्ति शृंखला संभालता था और सबसे कम उम्र का सदस्य दिलीप यादव धावक और भंडारण संचालक के रूप में काम करता था।

रेडक्रॉस की टीम सोमवार रात चार शव इजराइल डिफेंस फोर्स को सौंपे। इजराइल में नेपाल के राजदूत धन बहादुर पंडित ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद विपिन का शव दूतावास को सौंपा जाएगा। उसके बाद उसे नेपाल भेजा जाएगा। राजदूत पंडित ने बताया कि विपिन जोशी के परिवार को इसकी जानकारी दे दी गई है। उनके शव को काठमांडू होते हुए उनके पैतृक निवास स्थान धनगढ़ी तक पहुंचाया जाएगा। विपिन जोशी की मौत की खबर से नेपाल में शोक है। विपिन जोशी के भाई ने कहा कि यह परिवार के लिए हृदयविदारक है। संवेदना देने के लिए सुबह से ही सैकड़ों लोग जोशी के घर पर पहुंचे हैं।

# यमुनापार में बिन पानी दिवाली रहेगी सूनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुनापार में 22 अक्तूबर तक पेयजल की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। लोगों का कहना है कि रात-रात भर जागकर पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। यहां तक कि इलाके में पानी के टैंकर भी नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते लोगों को मजबूरन पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।



जाफराबाद निवासी सलमान अहमद ने बताया कि इलाके में कई दिनों से पानी की सप्लाई प्रभावित होने से घरेलू कामकाज करने में परेशानी हो रही है। लोगों को खाना बनाने से लेकर बर्तन धोने तक के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। लक्ष्मी नगर निवासी मुकेश गुप्ता ने बताया कि कॉलोनी के लोग पानी की किल्लत से परेशान हो गए हैं। पहले कॉलोनी में गंदे पानी की सप्लाई हो रही थी, लेकिन अब पानी की ठीक से सप्लाई नहीं हो रही है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी का कहना है कि यह समस्या तीन अक्तूबर से शुरू हुई है और 22 अक्तूबर तक बनी रहेगी। हरिद्वार में हर की पौड़ी की सफाई होने की वजह से पानी की सप्लाई रोकी गई है। वहां ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई चल रही है। ऐसे में उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह पानी की बचत करे।

यहां स्कूल ने तुरंत चाइल्ड एब्यूज मॉनिटरिंग कमिटी बनाई और जांच पूरी कर मां को सूचित किया, जिसके बाद एफआईआर दर्ज हुई। अदालत ने माना कि कुछ घंटों की देरी से महत्वपूर्ण सबूत खोने का खतरा नहीं था और स्कूल की मंशा छिपाने की नहीं थी।

**इन इलाकों में पानी की सप्लाई होगी प्रभावितः** यमुनापार में लक्ष्मी नगर, प्रीत विहार, चित्रा विहार, विवेक विहार, मंडावली, त्रिलोकपुरी, गाजीपुर, न्यू कोंडली, मयूर विहार-1, मयूर विहार-2, मयूर विहार-3, उस्मानपुर, सीलमपुर, भजनपुरा, गोकुलपुरी, मौजपुर और जाफराबाद सहित अन्य जगहों पर पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

**आपातकालीन स्थिति में यहां करें संपर्कः** दिल्ली जल बोर्ड की ओर से पानी की किल्लत को रोकने के लिए आपातकालीन नंबर जारी किया गया है। निवासी इस नंबर पर संपर्क करके अपने इलाके में टैंकर मंगवा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। निवासी इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मंडावली - 22727812 और 9810091769, लोनी रोड- 22814518 और 22816023, यमुना विहार- 22817228 और केंद्रीय कंट्रोल रूम- 1916/23527679 पर संपर्क करके टैंकर से पानी मंगवा सकते हैं। जोशी की मां और बहन इस समय अमेरिका में हैं। वह नेपाल आ रही हैं।

# घरेलू हिंसा में चाकूबाजी, पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर; बाथरूम में लहूलुहान हालत में पड़े थे दोनों

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किशनगढ़ के मुनिरका इलाके में घरेलू हिंसा के दौरान हुई मारपीट में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के गर्दन के पास चाकू के घाव थे। मकान मालिक की बेटी की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बाथरूम में पड़े घायल दंपती को पास के अस्पताल लेकर गई। डॉक्टरों ने मणिपुर निवासी थेम्पी खोंगसाई नाम की महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके पति थंगजाम विनय मेइतेई की हालत गंभीर है। आशंका है कि घरेलू हिंसा के दौरान पति ने पत्नी की हत्या के बाद खुदकुशी का प्रयास किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

मूलतः मणिपुर के बिष्णुपुर का रहने वाला थंगजाम विनय मेइतेई अपनी पत्नी थेम्पी खोंगसाई के साथ मुनिरका गांव में रहता था। मुनिरका गांव में बाबा बेकरी के पास वह किराने की दुकान चलाता है जबकि उनकी पत्नी ब्यूटीशियन थी। दोनों तीन साल से किराए के मकान पर रहते थे। जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि रविवार रात किशनगढ़ थाना पुलिस को पति पत्नी के बीच झगड़ा होने की जानकारी मिली। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। कमरे में कोई नहीं मिला जबकि बाथरूम का दरवाजा भी अंदर से बंद था, जिसे पुलिस ने खोला। बाथरूम में लहूलुहान हालत में पति-पत्नी अचेत अवस्था में पड़े थे। दोनों की गर्दन से खून निकल रहा था। पास चाकू पड़ा था। पुलिस ने मौके पर छानबीन के दौरान क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया। जिसने घटनास्थल से कई साक्ष्य हासिल किए।

**दोनों में विवाद होने की जानकारीः** पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि रविवार को उनके बीच किसी बात पर झगड़ा हो गया। महिला ने अपने पिता को फोन करके पति के मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की बात कही। उसके पिता ने मकान मालकिन को फोन किया जिसके बाद मकान मालकिन की बेटी ने 112 नंबर पर पुलिस को फोन कर झगड़े की जानकारी दी। पुलिस अधिकारी का कहना है कि घायल पति के बयान के बाद ही झगड़े के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव के लिए स्कूल जीबीएम अंतिम दौर में, हफ्ते के अंत तक बनेगी चुनाव समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** JNU: जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव 2025-26 को लेकर तैयारियां जारी है। अलग-अलग स्कूल और सेंटरों में जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) आयोजित की जा रही है। इस हफ्ते के आखिरी तक चुनाव समिति संयोजक का चयन कर लिया जाएगा। उसके बाद चुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी होगा। जेएनयू छात्र संघ की सचिव मुंतेहा फातिमा ने बताया कि छोटे-छोटे स्कूल में जीबीएम पूरी हो चुकी है। स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, स्कूल ऑफ लैंग्वेज और स्कूल ऑफ सोशल साइंस में जीचीएम का आयोजन होना बाकी रह गया है। इस जीबीएम में स्कूल काउंसलर की ओर से रिपोर्ट भी पेश की जा रही है। साथ ही चुनाव समिति सदस्यों का चयन किया जा रहा है। 48 सदस्यों के चयन के बाद सर्वसम्मति से चुनाव समिति संयोजक का चयन होगा। फिर संयोजक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेंगे।



# त्योहारों पर दिल्ली पुलिस सतर्क : दिवाली से पहले सुरक्षा चाक-चौबंद, सरोजिनी नगर बाजार में 90 पुलिसकर्मी तैनात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारों के सीजन में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए दिल्ली पुलिस सक्रिय हो गई है। सभी थानों के बीट अफसर इलाके में लोगों से संवाद कर रहे हैं। सरोजिनी नगर बाजार में दिवाली से पहले 90 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत लोगों से संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की सूचना तुरंत देने को कहा जा रहा है। अधिकारी मानते हैं कि लोगों की सतर्कता से आपराधिक वारदातों पर रोकथाम में मदद मिलेगी और त्योहार सुरक्षित रहेंगे। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि इलाकों में होटल, गेस्ट हाउस, दुकानों और ऑटो चालकों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि जनसहयोग और सतर्कता से ही सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। पुलिस सेवा स्वयंसेवक ओम शर्मा दत्त ने जानकारी दी कि बाजारों में भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। इनमें महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए कई महिला पुलिसकर्मियों को भी विभिन्न स्थानों पर लगाया गया है, ताकि त्योहारों के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो।

महिला पुलिसकर्मी मनीषा ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाजार में पिंक बूथ स्थापित किए गए हैं। साथ ही पांच मचान बनाए गए हैं, जिनसे बाजार के सभी हिस्सों पर निगरानी रखी जा सकेगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 32 एसआरएस कैमरे और 206 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, पुलिस ने अपील की है कि अपने सामान का ध्यान रखें।

# माली ने अमेरिका को दिया करारा जवाब, वीजा बांड पर लगाया समान नियम; 23 अक्टूबर से होगा लागू

**बामाको, एजेंसी।** माली के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि अमेरिका द्वारा पिछले सप्ताह लागू किए गए वीजा बांड नियम के जवाब में अमेरिकी नागरिकों को वीज़ा के लिए .10,000 तक का बांड जमा करना होगा। यह नियम 23 अक्तूबर से लागू होगा। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अमेरिका ने उच्च ओवरस्टे दर, स्क्रीनिंग और जांच की कमी, और विदेश नीति संबंधी कारणों का हवाला देते हुए यह कदम उठाया। मंत्रालय ने कहा प्रतिपूरक के सिद्धांत के अनुसार, माली ने समान वीजा कार्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है, जिसमें अमेरिकी नागरिकों पर वही शर्तें और आवश्यकताएं लागू होंगी जो माली नागरिकों पर लागू हैं।



**देश की घरेलू नीति में बड़ा बदलाव :** 2021 में तख्तापलट के बाद सत्ता में आई माली की सैन्य सरकार ने देश की घरेलू नीति में बड़ा बदलाव किया है। पहले यह फ्रांस का प्रमुख आतंकवाद विरोधी साझेदार था, लेकिन अब फ्रांसीसी सैनिकों को देश से निष्कासित कर दिया गया और सुरक्षा सहायता के लिए रूस की ओर रुख किया गया। हालांकि, देश में सुरक्षा स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है और अल-कायदा से जुड़े चरमपंथी समूहों द्वारा हमले बढ़ गए हैं। माली, बुर्किना फासो और नाइजर के साथ मिलकर लंबे समय से अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े हथियारबंद विद्रोहियों से जूझ रहा है।सितंबर की शुरुआत में, अल-प्रतिबंध लगाया।

## वेनेजुएला ने नॉर्वे और ऑस्ट्रेलिया में अपनी दूतावासें बंद करने का किया ऐलान

**काराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला की सरकार ने सोमवार को घोषणा की है कि वह नॉर्वे और ऑस्ट्रेलिया में अपने दूतावास को बंद करेगी। इसके स्थान पर बुर्किना फासो और जिम्बाब्वे में नए दूतावास खोले जाएंगे। यह कदम अमेरिकी तनावों के बढ़ने के बाद वेनेजुएला के विदेश सेवा ढांचे के पुनर्गठन का हिस्सा है। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार हिस्सा है।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के रक्षामंत्री और आईएसआई प्रमुख के वीजा आवेदन खारिज किए

**काबुल, एजेंसी।** अफगान सरकार ने पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ, इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक और दो अन्य जनरलों के वीजा आवेदनों को खारिज कर दिया है। पिछले तीन दिन में इस्लामाबाद ने तीन अलग-अलग अनुरोध भेजे। तीनों को काबुल ने अस्वीकार कर दिया। द बलोचिस्तान पोस्ट (पश्तो भाषा) की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, अफगान विदेश मंत्रालय या तालिबान सरकार ने इस मामले पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की। सूत्रों ने वीजा आवेदन खारिज करने की पुष्टि की। हाल के महीनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ा है। इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अपनी जमीन का प्रयोग करने का आरोप लगाया है।तालिबान सरकार ने इस्लामाबाद के इन आरोपों का खंडन किया है। हाल ही में खबरें



आईं कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल सहित विभिन्न क्षेत्रों में हवाई हमले किए। अफगान बलों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तानी बलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भारी क्षति हुई। हालांकि बाद में अफगान सेना ने युद्धविराम की घोषणा कर दी। भारत में अफगान सरकार के विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर युद्धविराम का फैसला लिया गया। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ पहले भी अफगान नेतृत्व से मिल चुके हैं। हालिया घटनाक्रम के बाद वह तालिबान सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए काबुल जाना चाहते थे। अफगान सरकार के इनकार करने से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव और भी स्पष्ट हो गया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल के वीजा आवेदनों को अस्वीकार करना एक असामान्य कदम है। यह दर्शाता है कि तालिबान सरकार अब इस्लामाबाद के दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं है।

# डॉ. महरंग बलोच व अन्य महिलाओं के खिलाफ दर्ज केस की क्वेटा जेल में सुनवाई

**क्वेटा, एजेंसी।** बलोचिस्तान की प्रसिद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता डॉ. महरंग बलोच और बलोच सॉलिडेरिटी कमेटी (बीवाईसी) की अन्य महिला नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों की ताजा सुनवाई आतंकवाद विरोधी अदालत के बजाय क्वेटा जिला जेल में हुई। बीवाईसी ने इसे प्रशासनिक दमन का एक भयावह उदाहरण बताया है। द बलोचिस्तान पोस्ट (पश्तो भाषा) की 13 अक्टूबर की रिपोर्ट के अनुसार, बलोच सॉलिडेरिटी कमेटी ने एक्स पर एक बयान में कहा कि हिरासत में ली गई महिलाओं की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। डॉ. महरंग बलोच, सिबगतुल्लाह बलोच, बेबो बलोच, बैबर्ग बलोच और गुलजादी बलोच को मार्च में पब्लिक ऑर्डर ऑर्डिनेंस (एमपीओ)



के तहत गिरफ्तार किया गया था। वे वर्तमान में हिरासत में हैं। इनकी रिमांड कई बार बढ़ाई जा चुकी है।

डॉ. महरंग बलोच के वकील इसरार बलोच ने बताया कि मामले की सुनवाई शनिवार को आतंकवाद निरोधक अदालत संख्या एक के न्यायाधीश मोहम्मद अली मुबीन ने क्वेटा जिला जेल में की। सुनवाई के दौरान अभियोजक चालान पेश करने में विफल रहा। इसके कारण आरोप नहीं लगाए जा सके और औपचारिक सुनवाई शुरू नहीं हो सकी। जज ने सुनवाई 18 अक्टूबर तक स्थगित कर दी गई। बीवाईसी का कहना है कि जेल में सुनवाई करना पारदर्शिता को दबाने, सार्वजनिक जांच को समाप्त करने और बलोचिस्तान में शांतिपूर्ण राजनीतिक असंतोष को आपराधिक बनाने की एक गंभीर और सोची-समझी योजना है। जो पाकिस्तान के अपने संविधान और निष्पक्ष सुनवाई तथा कानून की उचित प्रक्रिया के अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है।

उल्लेखनीय है कि बलोच यकजेहती समिति की नेता हैं। वह बलोचिस्तान में जबरन गायब किए जाने, गैर-न्यायिक हत्याओं और अन्य मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष के लिए जानी जाती है। उन्हें 2025 में नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया। उन्होंने 2019 में इस समिति की स्थापना की थी। उन्होंने 2023 में बलोच लॉन्ग मार्च का नेतृत्व किया। इसमें लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। महरंग बलोच ने अपने पिता के अपहरण और भाई के जबरन गायब होने के बाद मानवाधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया। वह अपने संघर्ष में अहिंसक और गांधीवादी तरीकों पर जोर देती हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 156 समस्याएँ, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश

## समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई



**मीडिया ऑडिटर , सीधी ( निप्र )।** शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी क्रम में आज की जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिलेभर से आए नागरिकों की कुल 156 समस्याएँ सुनीं।

कलेक्टर सोमवंशी ने सभी प्रकरणों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसमें प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर प्रारंभिक जांच तुरंत कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी और नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

कलेक्टर सोमवंशी ने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि नागरिकों को वास्तविक राहत प्रदान करना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि आमजन को उनके अधिकारों और सुविधाओं का लाभ बिना किसी भटकाव के मिले। उन्होंने जनसुनवाई में प्रस्तुत प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश भी दिए ताकि निराकरण की गति और पारदर्शिता बनी रहे। इ स अवसर पर अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर राजेश शुक्ला, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## वोट चोर गद्दी छोड़ समीक्षक बैठक आयोजित



**मीडिया ऑडिटर, रीवा ( निप्र )।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण रीवा के अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डभौरा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जवा के संयुक्त तत्वाधान में वोट चोर गद्दी छोड़ समीक्षक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सिरमौर क्षेत्र के प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद राज्यसभा राजमणि पटेल की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राम गरीब बनवासी, पूर्व सिरमौर कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर अरुणा तिवारी, जवा ब्लॉक के प्रभारी वीरेंद्र सिंह पटेल, और जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजेंद्र कुमार पांडे, पूर्व महामंत्री चक्रधर सिंह, डॉ. अरुणेंद्र शेखर मिश्रा एवं शिव बालक पांडे भी शामिल हुए। प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए हस्ताक्षर अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा वोट चोरी के माध्यम से सरकार बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने उपस्थित मंडलम, सेक्टर एवं बीएलए को विस्तार से समझाया।

पूर्व सांसद राजमणि पटेल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जननेता राहुल गांधी जो लड़ाई राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, उसे हमें घर-घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अरुण तिवारी, पूर्व विधायक राम गरीब बनवासी, गिरीश सिंह, बृजेंद्र पांडे, चक्रधर सिंह, रमेश पटेल, और अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष डभौरा अरुण सिंह (पिंटू) ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सेवादल अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर कई कांग्रेस जन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया।

## कोनी गांव की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जिले के जवा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी के ग्रामीणों ने तेदुहा नाला पहुंच मार्ग की समस्या को लेकर जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा है। यह मार्ग ग्राम पंचायत की पांच हजार आबादी वाले क्षेत्र, जिसमें तलरी, रूपौली, पोखरी और चांद कुरैली गांव शामिल हैं, के लिए एकमात्र सड़क है।

इस सड़क की स्वीकृति पहले ही हो चुकी थी, लेकिन पीसीसी सड़क निर्माण का कार्य पंचायत द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कार्य करने से मना कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस स्थिति से परेशान हो चुके हैं। इस सड़क को जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन पर तहसीलदार जवा द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था और शीघ्र ही ग्राम पंचायत को कार्य करवाने के निर्देश दिए गए थे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और सब इंजीनियर ने पैसे निकालने के बावजूद कार्य नहीं कराया।

## बाहरी व्यापारियों के मेले को मिली शासकीय भूमि

### हाईकोर्ट आदेश की अवहेलना, स्ट्रीट वेंडर को हटाकर दी अनुमति; शिवसेना करेगी आंदोलन



**मीडिया ऑडिटर, सीधी ( निप्र )।** जिले के सम्राट चौराहा स्थित शासकीय भूमि पर चल रहे एक मेले को लेकर मंगलवार के दिन विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि नगर पालिका ने कुछ माह पहले फुटपाथ व्यापारियों के लिए आवंटित इस भूमि से उन्हें हटाकर बाहरी व्यापारियों को मेला लगाने की अनुमति दे दी है, जो हाईकोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है।

नगर पालिका ने लगभग 10 दिन पहले फुटपाथ व्यापारियों को इस स्थान से हटाने का आदेश जारी किया था। इसके बाद, उसी भूमि पर बाहरी व्यापारियों को मेला लगाने की इजाजत दे दी गई, जिससे जिला प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने सोमवार को प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह मेला हाईकोर्ट के आदेशों की खुली अवहेलना है। पांडे ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के भीतर इस %अवैध% मेले को नहीं हटाया गया, तो शिवसेना सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

**नगर पालिका के चक्कर काट रहे लोग:** स्थानीय व्यापारियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि वे महीनों से नगर पालिका से अनुमति के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें हमेशा यह कहकर टाल दिया जाता है कि शहर में कोई स्थान उपलब्ध नहीं है। वहीं, बाहरी व्यापारियों को कथित तौर पर प्रशासनिक साठगांठ और कमीशनखोरी के दम पर सरकारी जमीन पर मेला लगाने की अनुमति मिल गई।

जानकारी के अनुसार, सम्राट चौराहा की इस शासकीय भूमि पर लगे फेवर ब्लॉक को तोड़कर मेला लगाया गया है। यह भूमि नगर पालिका के अधीन है और शासकीय उपयोग के लिए आरक्षित थी। सरकारी संपत्ति को हुए इस नुकसान पर विभागीय अधिकारियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है।

याचिकाकर्ता सत्यम शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 31 जनवरी 2025 को रिट याचिका संख्या 16448/2024 में स्पष्ट निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के अनुसार, किसी भी शासकीय भूमि पर बिना उचित टेंडर प्रक्रिया और सार्वजनिक सूचना के किसी निजी व्यापारी या मेले को अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद, जिला प्रशासन और नगर परिषद ने इन आदेशों की अनदेखी की है।

**उच्च अधिकारियों को दी जानकारी:** नगर पालिका के सब-इंजीनियर अशोक पडेनिया ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि पुराने स्ट्रक्चर से छेड़छाड़ कर फेवर ब्लॉक हटाए जा रहे हैं। हमने उड़नदस्ता टीम भेजने के आदेश दिए हैं और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

## अधिवक्ता के साथ रास्ते में बदसलूकी करने पर सोहागी थाना में एफआईआर दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** त्योंथर एसडीएम कार्यालय में बहस के दौरान कार्य में अड़ंगा लगाने पर अधिवक्ता रमाशंकर मिश्रा ने मना किया। इसके अगले दिन, जब वे न्यायालय की ओर जा रहे थे, तब चौराहे पर अरविंद मिश्रा और उनके बेटे ने उनका रास्ता रोक लिया। इस दौरान, अरविंद मिश्रा ने गाली-गलौज करते हुए अधिवक्ता से कहा कि वे पक्षकार के मुकदमे की पैरवी न करें और उनके साथ अभद्रता की। यह घटना अधिवक्ता के लिए बेहद अपमानजनक थी।

अधिवक्ता ने इस बदसलूकी की शिकायत सोहागी थाना में जाकर की। उन्होंने अरविंद मिश्रा, पिता जीवन लाल निवासी अमाव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115/2, 351/3, एवं 3/5 के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की है।

इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अधिवक्ताओं को भी सुरक्षा की आवश्यकता है, ताकि वे अपने कार्य को स्वतंत्रता से कर सकें। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। कानूनी समुदाय ने इस घटना की निंदा की है और अधिवक्ता के प्रति समर्थन व्यक्त किया है। सभी ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## मार्तण्ड क्रमांक-1 उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं के खिलाफ छह सूत्रीय मांगों को लेकर एनएसयूआई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र ) ।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में मार्तण्ड क्रमांक-1 उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं के खिलाफ छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को कलेक्टर के नाम सौंपा गया है। पंकज उपाध्याय ने बताया कि हॉस्टल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे छात्रों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में पंकज उपाध्याय ने कहा कि हॉस्टल के भोजन में कीड़े पाए गए हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा, हॉस्टल में आरओ मशीन नहीं है, और छात्रों को अशुद्ध पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि जहां बॉयज़ हॉस्टल में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वहीं गर्ल्स हॉस्टल में अब तक कोई कैमरा नहीं लगाया गया है, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। इसके साथ ही, हॉस्टल में मेडिकल किट तक उपलब्ध नहीं है, जिससे किसी आपात स्थिति में छात्राओं को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

पंकज उपाध्याय ने यह भी कहा कि सुबह के समय नाश्ता उपलब्ध नहीं कराया जाता और सीधे दोपहर का भोजन दिया जाता है। उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्य की दृष्टि से सुबह का नाश्ता अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रावास के वार्डन की नियमित जिम्मेदारी नहीं दी है और जब यह मामला आया तो वह मेडिकल लेकर छुट्टी पर चले गए। उन्होंने प्राचार्य के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की।

यदि इन सभी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो एनएसयूआई विद्यालय प्रशासन के खिलाफ उग्र मोर्चा खोलेगी। ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रदेश सहसचिव निकिता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, टीआरएस कॉलेज इकाई अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी, समीर पांडे, जेएनसीटी कॉलेज इकाई अध्यक्ष सानुराग सिंह, सोशल मीडिया पूर्व जिला अध्यक्ष अरमान त्रिपाठी, जिला महासचिव मोहित शुक्ला, और जिला सचिव अजय सिंह सागर शुक्ला सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घर के दरवाजे तक पहुंचा मगरमच्छ, ग्रामीणों ने डंडों से नदी की ओर भगाया; वन विभाग को नहीं जानकारी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले के सिहावल जनपद के अमिलिया बाजार में सोमवार देर रात करीब 12 बजे एक मगरमच्छ रिहायशी इलाके में घुस आया। यह वही मगरमच्छ बताया जा रहा है जो कई दिनों से बाजार के पास स्थित तालाब में रह रहा था। मगरमच्छ के घर के बाहर पहुंचने से लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने डंडे और लाइट की रोशनी के सहारे उसे किसी तरह नदी की ओर भगा दिया। घटना अमिलिया के बीच बाजार स्थित तालाब से सटे रिहायशी इलाके की है, जहां पास में हायर सेकेंडरी स्कूल और बालिका छात्रावास भी है।

**वन विभाग की टीम से रेस्क्यू करने की शिकायत की:** ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में पिछले एक साल से करीब साढ़े तीन फीट लंबा मगरमच्छ रह रहा है। उन्होंने सोन घड़ियाल अभयारण्य की टीम को कई बार सूचना दी, लेकिन अब तक रेस्क्यू की कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय निवासी राम सिया गुप्ता ने बताया कि रात करीब 12 बजे जब घर के बाहर आवाज हुई तो देखा मगरमच्छ दरवाजे तक पहुंच गया है। उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया और डंडों से आवाज करते हुए उसे तालाब की ओर भगा दिया। उनके क्षेत्र से सोन नदी करीब दो किलोमीटर दूर है, जहां से मगर और घड़ियाल नालों के रास्ते अक्सर बस्ती की ओर आ जाते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कई बार यह मगरमच्छ बाजार के किनारे और खेतों के पास देखा गया है। इस मामले में वन विभाग के डीएफओ राजेश कन्ना टी ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सोन घड़ियाल अभयारण्य अमिलिया से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर है, इसलिए ऐसे मामले सामान्य हैं। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति में विभाग को तुरंत सूचना देने की सलाह दी।

## कृषि प्रक्षेत्र समदा में गेंहू भूसा की नीलामी 23 अक्टूबर को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** सहायक संचालक शासकीय कृषि प्रक्षेत्र समदा ने जानकारी दी है कि रबी वर्ष 2024-25 में प्रक्षेत्र समदा में उत्पादित गेंहू भूसा की नीलामी 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिन सरपंचों, व्यापारियों एवं ग्रामीणों को नीलामी में भाग लेना है, वे 23 अक्टूबर से पूर्व 1000 रूपये सदस्यता शुल्क कार्यालय सहायक संचालक शासकीय कृषि प्रक्षेत्र समदा में जमा करें।

नीलामी के बाद उसी दिन तौलकर भूसा का उठाव एवं राशि का भुगतान अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित दिनांक पर राशि जमा नहीं की जाती है, तो नीलामी अमान्य कर दी जाएगी तथा उस व्यक्ति से राशि वसूल कर राजस्व प्राप्ति में सम्मिलित की जाएगी।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस "माय भारत पोर्टल 2.0" पर कार्यशाला का आयोजन

### छात्र-छात्राओं को पोर्टल पर पंजीयन कर कौशल विकास से जुड़ने के लिए किया गया प्रेरित



**मीडिया ऑडिटर ,सीधी ( निप्र )।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नोतकोत्तर महाविद्यालय सीधी में माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में माय भारत पोर्टल 2.0 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. आर.पी. सिंह, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा एवं शहडोल संभाग उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को माय भारत पोर्टल पर अपना पंजीयन अवश्य करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस डिजिटल सुविधा का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से वर्तमान शिक्षा पद्धति से जुड़ने और नई तकनीक को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्रों को शुभकामनाएं दीं और इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कुलदीप सिंह सेंगर, जिला युवा अधिकारी, सीधी ने माय भारत पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया और इससे मिलने वाले अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल युवाओं के कौशल संवर्धन और अवसरों के एकीकरण के लिए बनाया गया है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिलीप सोनी (राष्ट्रीय सेवा योजना) ने अपने संबोधन में कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना को जोड़ते हुए माय भारत पोर्टल युवाओं को शिक्षा, सेवा और तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि छात्र अपने मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से आसानी से पंजीयन कर सकते हैं और इससे अपने भविष्य को दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रेया शर्मा, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला के समापन पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. भोला सिंह कुशराम, डॉ. उमेश सोनी, डॉ. गंगा बैरागी, डॉ. राजकुमार सिंह, रामानुज पटेल सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफएवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए और कार्यशाला से लाभान्वित हुए।

## महिला की आंख में सब्बल घोंपकर हत्या करने वाला गिरफ्तार, जिले की मोरवा पुलिस ने चोपन रेलवे स्टेशन से पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** जिले के मोरवा थाना क्षेत्र की सीईटीआई बस्ती में एक महिला की सब्बल मारकर हत्या करने वाले आरोपी अजय दास को मोरवा पुलिस ने आज सोनभद्र जिले के चोपन रेलवे स्टेशन (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था और यूपी में छिपा हुआ था।

मोरवा थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना 13 अक्टूबर की दोपहर करीब 4 बजे हुई थी। आरोपी अजय दास ने अमर कुमार की पत्नी कुसुम देवी (30 वर्ष) की बांयीं आंख में सब्बल (लोहे की रॉड) मारकर निर्मम हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। महिला के परिजन उसे घायल अवस्था में एनसीएल के नेहरू शताब्दी अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

**पत्नी को भगाने के लिए उकसाने का शक:** पुलिस ने हत्या के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तुरंत दो टीमें बनाईं। एक टीम को आरोपी अजय दास उत्तर प्रदेश के चोपन रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ने में कामयाबी मिली।

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। आरोपी को शक था कि मृतक महिला कुसुम देवी, जो उसकी पत्नी की सहेली भी थी, उसी ने उसकी पत्नी को भगाने के लिए उकसाया होगा। इसी गुस्से और संदेह में आकर उसने इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी अजय दास को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पाक-तालिबान जंगी टकराव

संपादकीय

पाकिस्तान और अफगान-तालिबान के बीच जंगी टकराव के हालात बन गए हैं। शनिवार गहरी रात में तालिबान लड़ाकों ने पाक चौकियों पर हमले किए। उनका दावा है कि 58 पाक फौजी मार दिए गए और 25 चौकियों पर तालिबान ने कब्जा जमा लिया। भारी संख्या में हथियार, गोला-बारूद भी लड़ाकों के हाथ लगे हैं। पाकिस्तान का दावा है कि उसके 23 फौजी मारे गए हैं, जबकि पलटवार में ड्रोन हमले किए गए। पाकिस्तान करीब 200 अफगान लड़ाकों को मारने और 19 चौकियां कब्जाने का दावा कर रहा है। पाकिस्तान ने 9 अक्तूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर मिसाइल हमला किया था। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का मुखिया मुफ्ती नूर वली उसके निशाने पर था, लेकिन वह बच गया। टीटीपी के 'आत्मघाती फिदायीन' ने पाकिस्तान में हमला कर कई लाशें बिछा दी थीं। यह संगठन बलूचिस्तान, खैबर में भी पाक फौजियों को हलाक करता रहा है। उनके पलटवार में पाक ने काबुल पर हमला किया था। वैसे पाक और अफगान सेनाओं का कोई मुकाबला नहीं है, क्योंकि अफगानिस्तान के पास वायुसेना या जल की ताकत पनडुब्बियां सरीखे आधुनिक हथियार नहीं हैं। जो अत्याधुनिक राइफलें, मशीन गन, रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद, टैंक आदि अमरीकी सेनाएं छोड़ गई थीं, बस तालिबान लड़ाकों की ताकत वही है। तालिबान के पास करीब 40,000 प्रशिक्षित 'आत्मघाती फिदायीन' की ऐसी ताकत है, जो कहीं भी जाकर मौत का विस्फोट कर सकते हैं। तालिबानी हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी भारत के प्रवास पर हैं। उन्होंने मिसाइल हमले को अफगान संप्रभुता पर हमला करार दिया था, लिहाजा 11 अक्तूबर की गहरी रात वाला हमला तालिबान का पलटबदला माना जा सकता है। यह जंगी टकराव और तनाव दो मुस्लिम देशों के दरमियान पसरा है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच जो 'नाटो जैसा' समझौता हुआ था, वह भी बेनकाब हो गया और खोखला साबित हुआ। सऊदी अरब पाकिस्तान के समर्थन में जंग में नहीं कूदा। अलबत्ता कतर की तरह अमन-चैन और संवाद का ही बयान दिया। भारत के संदर्भ में यह जंगी टकराव कई मायने रखता है। तालिबानी विदेश मंत्री आमिर खान ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत की संप्रभुता और एकता-अखंडता का समर्थन किया। भारत-अफगान विदेश मंत्रियों का जो साझा घोषणा-पत्र सार्वजनिक किया गया है, उसमें दोनों देश एक-दूसरे की संप्रभुता, एकता-अखंडता का समर्थन कर रहे हैं। जाहिर है कि पाकिस्तान की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है।

## या बांग्लादेश के रास्ते पर चल पड़ा भारत?

सनत जैन

दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की जड़ें गहरी जरूर हैं, लेकिन समय-समय पर सत्ता के केंद्रीकरण और संस्थाओं पर राजनीतिक नियंत्रण ने इन जड़ों को कमजोर किया है। 2018 में बांग्लादेश में लागू साइबर सिक्योरिटी एक्ट ने लोकतंत्र की उस बुनियाद को हिला कर रख दिया था, जिस पर स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की आज़ादी टिकी होती है। पत्रकारों, ब्लॉगर्स और आलोचकों को चुप कराने, मीडिया संस्थानों पर सेंसर लगाने, और चुनाव आयोग तथा न्यायपालिका को सरकार के नियंत्रण में लाने की प्रक्रिया ने धीरे-धीरे एक तानाशाही शासन का रूप ले लिया। परिणामस्वरूप, 2024 के आम चुनावों में विपक्ष के बहिष्कार, हिंसा और धांधली ने बांग्लादेश की लोकतांत्रिक विश्वसनीयता को पूरी तरह खत्म कर दिया। आवामी लीग की शेख हसीना ने 300 में से 224 सीटें जीतकर सत्ता तो बचा ली, लेकिन जनता का भरोसा खो दिया। इसी के साथ कहा गया कि चुनाव आयोग, न्यायपालिका और पुलिस पर सरकार का सीधा नियंत्रण हो गया। तत्कालीन सरकार के इशारे पर पुलिस कार्यवाही करती देखी जाने लगी और न्यायालय फैसला देने लगे। सत्ता का दुरुपयोग शुरू हुआ तो हसीना सरकार के सारे फैसले राजनीतिक हित साधने वाले और हर शासकीय काम में धनसंग्रह वाले दृष्य दिखाई दिए। सरकार का एक तरफा निर्णय होना शुरू हुआ। वहीं दूसरी तरफ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने लोगों में असंतोष फैला दिया, और जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन में 400 से अधिक छात्रों की मौत ने जनाक्रोश को विस्फोटक बना दिया। जब जनता और विपक्ष दोनों को लगा कि चुनाव आयोग सरकार का औजार बन चुका है, न्यायपालिका निष्क्रिय है और पुलिस सत्ता की कठपुतली बन चुकी है, तब शासन की वैधता खत्म हो गई। अंततः 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना को अकस्मात देश छोड़ना पड़ा, यह उस राष्ट्र का पतन था जिसने कभी स्वतंत्रता के लिए आंदोलन किया था, पर अब जहां लोकतंत्र खोता हुआ दिखाई दिया। दुर्भाग्य से, भारत में भी कुछ परिदृश्य अब उसी दिशा में जाते दिखाई दे रहे हैं। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर बार-बार उठते सवाल, विपक्ष की शिकायतों पर निष्क्रियता, और सरकार की मर्जी से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, ये सब संकेत हैं कि लोकतांत्रिक संस्थाएं अब स्वतंत्र नहीं रहीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) जैसी संस्था जब चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाती है और सुप्रीम कोर्ट से न्याय की जगह तारीखें मिलती हुई नजर आती हैं, तो यह चिंता का विषय हो जाता है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए, जबकि सत्तारूढ़ दल के नेताओं द्वारा बार-बार आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर भी चुनाव आयोग चुप रहा। अदालतों से भी तत्काल राहत नहीं मिली; 'तारीख पर तारीख' ने जनता का न्यायपालिका से भरोसा डगमगा दिया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना और उसके बाद देशभर में मिली मिश्रित प्रतिक्रियाएं इस विश्वास संकट को और गहरा कर रही हैं।

भारत के लोकतंत्र में जनता का भरोसा सबसे बड़ा स्तंभ रहा है, लेकिन जब यह भरोसा डगमगाने लगे, तब यह चेतावनी होती है कि व्यवस्था खतरे में है। आज बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं का असंतोष एक उभरता हुआ सामाजिक विस्फोट बनता जा रहा है। लेह में चार युवाओं की मौत और सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी ने इस बेचैनी को और बढ़ाया है। यह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि उस पीढ़ी की आवाज है जो अपने भविष्य के लिए चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को 11 वर्ष हो चुके हैं। 2014 में जब वे सत्ता में आए थे, तो उन्होंने रोजगार, विकास और भ्रष्टाचारमुक्त शासन के वादों के साथ नई उम्मीद जगाई थी। परंतु आज जब बेरोजगार युवा सड़कों पर हैं, और चुनावी प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम भी बांग्लादेश जैसी दिशा में तो नहीं बढ़ रहे? वैसे भी अब पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा को लेकर लोगों में वह विश्वास नहीं दिख रहा जो 2013-14 में देखने को मिला था। हद यह है कि 2024 के बाद से सारे देश में यह धारणा बनने लगी कि भाजपा चुनाव प्रबंधन करके चुनाव जीत रही है।

> सूरत शहर में कपड़ा,डायमंड उधोग से जुड़े मजदूर वर्ग को दिवाली वैकेशन का इंतजार रहता है। सिल्क सिटी और डायमंड नगरी के नाम से प्रख्यात सूरत में लाखों प्रवासी श्रमिक हर साल त्योहारों में अपने वतन परिवारों के पास पहुंचते है। खासकर,बिहार चुनाव के मद्देनजर रवानगी लेने वालों की संख्या बहुत बढ़ गई है। स्टेशन पर जगह जगह पर अफरातफरी का माहौल है।

# दिवाली और छठ पूजा के लिए घर जाने के लिए ट्रेन में बढ़ती भीड़ से यात्री परेशान

**गुजरात मे सूरत उधोग और डायमंड उधोग में रोजगार के लिए उतर भारत के लोगो की संख्या करीब 15 लाख तक पहुंच गई है। दिपाली,छठ पूजा और बिहार चुनाव तीनो अवसर एक साथ आ जाने से सूरत सहित सूरत के उधना स्टेशन पर अप्रत्याशित भीड़ उमड़ रही है। दिवाली और छठ पूजा में गिनती के दिन बाकी है। उसी तरह मुम्बई से उदयपुर, भीलवाड़ा ,चितौड़गढ़ वाया अहमदाबाद से जाने वाली ट्रेन की कमी का खामियाजा सात लाख प्रवासी भोग रहे है। रोजगार ढूंढने आने वाले व्यापारी वर्ग,उधोगपतियों और श्रमिको को घर जाने पर आवागमन की सुविधा नही मिलती है।**

कांतिलाल मांडोत



ट्रेनों में सीट पाने के लिए धक्का-मुक्की की नौबत आ रही है। कई लोग शौचालय में बैठकर सफर कर रहे है। रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के लिए इन्तजाम किये गए है। स्टेशन पर हर कोने पर सीसीटीवी की निगरानी है। लेकिन आलम यह है कि हर बार की तरह यात्री इस बार भी बहुत परेशान हो रहे है। भीड़ वाले हिस्सो में सर्विलांस भी किये गए है। दिवाली अवकाश को लेकर उतर प्रदेश,बिहार, झारखंड और ओडिसा सहित राजस्थान रवाने होने वाले यात्रियों की उधना रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ देखने को मिली है। देश भर में 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। जो 15 नवम्बर तक जारी रहेगी। स्पेशल ट्रेन का सफर फेस्टिवल तक सुविधा उपलब्ध की जा सकती है। लेकिन मुम्बई उदयपुर के लिए प्रतिदिन एक भी ट्रेन उपलब्ध नही है। उदयपुर के लिए साप्ताहिक तीन दिन ट्रेन चलती है। इसके लिए उधोग जगत से जुड़े हुए उधोगपतियों ने रेलवे मंत्री से भी गुहार लगाई है। लेकिन रेल सेवा उपलब्ध नही हुई। मेवाड़ प्रवासियों की संख्या 8 लाख है। मुम्बई और सूरत में कपड़ा उधोग और डायमंड उधोग से जुड़े व्यापारियों और श्रमिको को हररोज बतौर आवागमन करना पड़ता है। सूरत से मेवाड़ के लिए सीधी निजी बसों की सुविधा है। सरकार की एक भी बस सूरत से उदयपुर के लिए नही है। ऐसे हालात में प्रवासियों को बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता है। उतर भारत का भी यही आलम है। अहमदाबाद पटना स्पेशल ट्रेन 1 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक,सप्ताह में दो बार चलेगी। सूरत दरभंगा हर तीन दिन में एक ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। बांद्रा टर्मिनल गोरखपुर स्पेशल छठ की पूर्व संध्या पर विशेष ट्रेन,वापसी की व्यवस्था सहित चलाई जा रही है। लेकिन इसके बावजूद सूरत से जाने वालों की संख्या इस बार लाखो है। तब सवाल उठता है कि बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। विशेष ट्रेनों के बजाय नियमित अनरिजर्व्ड ट्रेनों की व्यवस्था की घोषणा की है। फिर भी यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है कि अतिरिक्त ट्रेनें भी कम पड़ रही है। यात्रियों से अपील की जा रही है कि शांति बनाए रखे। टेक्सटाइल उधोग और डायमंड उधोग का प्रमुख केंद्र है। जहाँ बड़ी संख्या में उत्तरभारतीयों और राजस्थान सहित मेवाड़ उदयपुर के प्रवासी है। ये प्रवासी कपड़े की मिलो में काम करते है। जहां से अरबो रुपये का राजस्व रेलवे और केंद्र सरकार को जाता है। लेकिन परिवहन सेवा के लिए आज भी लाखों प्रवासी झुंझ रहे है। सरकार सुनती नही है। कई बार उदयपुर के लिए मेवाड़ रेल चलाओ अभियान की मुहिम चला कर ज्ञापन प्रेषित किया जा चुका है। लेकिन इन प्रवासियों की मांगे मंजूर नही की जा रहीं है। सूरत पर सरकार को आवागमन पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उदयपुर मेवाड़ के लिए मुम्बई और सूरत से वाया अहमदाबाद होकर गुजरने वाली एक भी प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन की सुविधा नही है। प्रवासी यात्रियों की पीड़ा काश कोई अनुभव कर सकता तो निश्चित ही ट्रेन सुविधा उपलब्ध करा दी गई होती। उत्तरभारत के दिवाली,छठ और बिहार चुनाव के इस संगम को ध्यान में रखते हुए रेलवे मंत्रालय विशेष ट्रेन की सुविधा दिवाली के पूर्व उपलबन्ध करानी होगी, तभी लोगो का आवागमन सुलभ हो सकता है। उधना में होर्डिंग एरिया में सैकड़ो श्रमिक एकट्ठा हुए हैं। जबकि लाइन लगाकर ट्रेन में बैठने के लिए जान पड़ता है। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थाई समाधान कराया जाए। क्योंकि छठ,पूजा और बिहार चुनाव में सुविधा उपलब्ध हो सकती है। लेकिन उदयपुर मेवाड़ के लिए कई बार ट्रेन उपलबन्ध कराने की मांग स्वीकृत नही हुई है। सूरत से उदयपुर के लिए सप्ताह में तीन दिन यात्रियों को सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। वह नाकाफी है। सूरत से निजी बसों का संचालन है। वे मनमाफिक किराया वसूल कर रहे है। सीजन में डबल स्लीपर की रेट उदयपुर के लिए तीन हजार तक मुकर्रर की जाती है। लेकिन उसके बाद भी प्रवासियों को परेशान होना पड़ता है। प्रवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर ट्रेन सुविधाओं पर रेल मंत्रालय ध्यान आकृष्ट कर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। देश मे 12 हजार स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। लेकिन सूरत में तो ऊंट के मुह में जीरा वाली कहावत ही चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। उदयपुर, चितौड़गढ़ के बीच सूरत से दूरिया कम होने के कारण यात्रियों का आवागमन होता ही रहता है। जबकि उतर भारतीय तो सालभर में एक बार घर लौटते है। भीड़ की वजह से परिवार बच्चों के साथ यात्रा करने पर अधिक तकलीफ होती है। धक्का-मुक्की से परेशान बच्चे और मेरारु के लिए पीड़ादायक है। सूरत में होर्डिंग एरिया में पैर रखने की जगह नही है। हालात काबू में करने के लिए रेलवे पुलिस ने मैनेजमेंट की व्यवस्था की है। चप्पे चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती है। होर्डिंग एरिया में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से खड़े रहने और बैठने की व्यवस्था की गई है। अस्थाई सुविधा के लिए बिहार विकास परिषद और सामाजिक संगठनों ने रेलवे सुविधा देने के लिए अपील की गई है । उधर मेवाड़ रेल चलाओ अभियान के कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से गुहार लगाई है। मेवाड़ रेल चलाओ अभियान के अध्यक्ष सुरेश लौढा ने बताया कि उदयपुर के लिए हररोज दो ट्रेन की आवश्यकता है। जिसको प्रतिदिन मुम्बई से वाया अहमदाबाद होकर उदयपुर और मावली तक सेवा दी जानी चाहिए,जिससे समस्या का समाधान हो जाएगा। मुम्बई से 750 की दूरी है। जबकि उदयपुर सूरत की 450 किमी की दुरी है। यहां से हर रोज लोगो का आवागमन होता है। दरअसल, उत्तरभारत के लिएभी ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराई जानीही चाहिए। लेकिन उनके लिए फेस्टिवल ट्रेन का बहुत महत्व है। क्योंकि उनको हररोज उत्तरभारतीयों को नही जाना होता है। ट्रेन में इस वक्त सवार होना किसी जंग से कम नही है। धक्का मुक्की कर ट्रेन में प्रवेश भी कर दिया तो अंदर जाकर खड़ा ही रहना पड़ता है। जिससे किसी अनहोनी को नजरअंदाज नही किया जा सकता है।

दिवाली महापर्व और उसके बाद बिहार-उत्तर प्रदेश में छठ के त्योहार पर कंफर्म रेल टिकट की मारामारी के चलते प्रवासियों के लिए घर जाना मुश्किल हो रहा है। मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ और गुजरात से बिहार-उत्तर प्रदेश जाने तथा दक्षिण भारत से इन प्रदेशों में आने वाली प्रमुख ट्रेनों में नवंबर के दूसरे सप्ताह तक कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा। सूरत में उधोग से जुड़े श्रमिकों के लिए उत्तरप्रदेश, बिहार,छतीसगढ़, राजस्थान, एमपी आदि राज्यों के लिए ट्रेन सुविधाए उपलब्ध कराए, जिससे श्रमिको को आवाजाही में परेशानी नही हो सके।

# करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है डॉ. कलाम का जीवन दर्शन

**'मिसाइलमैन' के नाम से विख्यात डा. एपीजे अब्दुल कलाम (अबुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम) भारतीय इतिहास में एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति रहे हैं, जो वैज्ञानिक थे। सादगी, मितव्ययिता और ईमानदारी जैसे विलक्षण गुणों की मिसाल डा. कलाम देश के महान् वैज्ञानिक होने के साथ-साथ एक अद्भुत इंसान और एक प्रेरणादायक नेता भी थे, जिन्होंने अपने इन्हीं गुणों की बदौलत समस्त देशवासियों का दिल जीत लिया था क्योंकि मौजूदा राजनीतिक परिवेश में ऐसे गुणों वाले व्यक्ति का मिलना दुर्लभ है।**

## डा. अब्दुल कलाम जयंती (15 अक्तूबर) पर विशेष

श्वेता गोयल

यही कारण है कि करोड़ों लोग आज भी उन्हें अपना प्रेरणास्रोत मानते हुए उनकी कही बातों का अनुसरण करते हैं। डा. कलाम की सबसे बड़ी विशेषता यही थी कि उन्होंने जिस भी व्यक्ति के साथ काम किया, उसी का दिल जीत लिया। देश की युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए वह कहते थे कि भारत के युवा वर्ग में हिम्मत होनी चाहिए कि वह कुछ अलग सोच सके, हिम्मत हो कि वह कुछ खोज सके, ऐसे नए रास्तों पर चलने की हिम्मत हो, जो असंभव हो, उसे खोज सके और मुसीबतों को जीतकर सफलता हासिल कर सके। वह कहते थे कि आसमान की ओर देखें, हम अकेले नहीं हैं, पूरा ब्रह्माण्ड हमारा मित्र है और जो सपना देखते हुए मेहनत कर रहे हैं, उन्हें बेहतरीन फल देने का प्रयास कर रहा है। सपना सच हो, इसके लिए जरूरी है कि आप सपना देखें।

तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक गरीब परिवार में 15 अक्तूबर 1931 को जन्मे अब्दुल कलाम गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त कर वैज्ञानिक बने थे, जिनके नेतृत्व में भारत कई उपग्रह तथा स्वदेशी मिसाइलें बनाने में सफल हुआ और परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र भी बना। उन्होंने डीआरडीओ तथा इसरो की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम कर उन्हें सफल बनाया। अपने जीवनकाल में उन्होंने 'विंग्स ऑफ फायर', 'इग्नाइटेड माइंड', 'इंडिया 2020ः ए विजन फॉर न्यू मिलेनियम' इत्यादि 30 से भी ज्यादा पुस्तकें लिखी। 1999 से 2001 के बीच वे भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार रहे तथा 2002 से 2007 तक भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे। राष्ट्रपति बनने के बाद जब वे राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे तो उनके साथ सामान के रूप में केवल दो सूटकेस थे, जिनमें से एक में उनके कपड़े तथा दूसरे में उनकी प्रिय पुस्तकें थी। आज जहां नेतागण छुट्टियों पर घूमने जाने के लिए बेताब रहते हैं और संसद की कार्यवाहियों से भी गैरहाजिर रहते हैं, वहीं डा. कलाम ने राष्ट्रपति रहते अपने पूरे राजनीतिक जीवन में केवल दो छुट्टियां ली थी, एक अपने पिता के देहांत पर और



दूसरी अपनी मां की मृत्यु के अवसर पर।

कलाम साहब ने देश के सर्वोच्च पद पर रहते हुए अपने कार्यकाल में सादगी, मितव्ययिता और ईमानदारी की जो मिसाल पेश की, वह आज और कहीं देखने को नहीं मिलती। ऐसा ही एक वाकया स्मरण आता है, जब एक बार उनका कुल 52 सदस्यों भरा-पूरा परिवार उनसे मिलने दिल्ली आया। स्टेशन से सभी को राष्ट्रपति भवन लाया गया, जहां सभी आठ दिनों तक ठहरे। उन पर खर्च हुई एक-एक पाई कलाम साहब ने अपनी जेब से खर्च की। बताया जाता है कि उन्होंने अपने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि उनके इन अतिथियों के लिए राष्ट्रपति भवन की कारें इस्तेमाल नहीं की जाएंगी और उनके खाने-पीने के सारे खर्च का विवरण भी अलग से रखा गया। आठ दिन बाद सभी के दिल्ली से वापस चले जाने पर कलाम साहब ने अपने निजी बैंक खाते से 3.52 लाख रुपये का चेक काटकर राष्ट्रपति कार्यालय को भेज दिया। राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उन्होंने कभी किसी का कोई उपहार अपने पास नहीं रखा। दरअसल उनका कहना था कि उनके पिता ने उन्हें यही शिक्षा दी है कि कभी किसी का कोई उपहार स्वीकार मत करो। किसी ने एक बार उन्हें दो पैन उपहारस्वरूप दिए थे लेकिन वे भी उन्होंने राष्ट्रपति पद से विदाई के समय लौटा दिए थे।

भारत के बच्चों के भविष्य को लेकर वे चिंतित स्वर में कहते थे कि देश में प्रतिवर्ष दो करोड़ बच्चे जन्म लेते हैं, उन सभी बच्चों का क्या भविष्य होगा और जीवन में उनका क्या लक्ष्य होगा? क्या हमें उनके भविष्य के लिए कुछ कदम उठाने चाहिएं या हमें उन्हें उनके नसीब के सहारे छोड़ अभिजात्य वर्ग के फायदे के लिए ही काम करना चाहिए? डा. कलाम का मानना था कि यदि भारत को भ्रष्टाचार मुक्त और सुंदर मस्तिष्क वालों का देश बनाना है तो इसमें समाज के तीन लोग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, पिता, माता और गुरु। भारत के भविष्य को लेकर उनके पास एक विजन था, जिस पर 'इंडिया 2020ः ए विजन फॉर न्यू मिलेनियम' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई थी। दरअसल 'टेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन, फोरकास्टिंग एंड एसेसमेंट काउंसिल' नामक एक सरकारी संगठन देश की प्रगति से जुड़ा विजन डॉक्यूमेंट तैयार करता है और 1996 में कलाम साहब इसके अध्यक्ष थे। उन्हीं की अध्यक्षता में 1996-97 में 'विजन 2020' डॉक्यूमेंट तैयार किया गया। उस रिपोर्ट में सरकार को कुछ सुझाव देते हुए बताया गया था कि 2020 तक भारत को क्या कुछ हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। रिपोर्ट के आधार पर कलाम साहब ने सरकार को सलाह दी थी कि देश के विकास के लिए तकनीक, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र में सरकार को क्या करना चाहिए और आम नागरिक को इसमें क्या भूमिका निभानी चाहिए। उनका मानना था कि भारत 2020 तक युवाओं के योगदान की बदौलत एक विकसित देश बन जाएगा लेकिन वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर उनके इस विजन को पूरा होने में अभी बहुत लंबा समय लग सकता है।

कलाम साहब कहा करते थे कि दुनिया हमें तभी याद रखेगी, जब हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और विकसित भारत देंगे, जो आर्थिक सम्पन्नता और सांस्कृतिक विरासत से मिला हो। उनका कहना था कि जो लोग अपने दिल से कार्य नहीं करते, वे जिंदगी में भले ही कुछ भी हासिल कर लें लेकिन वह खोखला होता है, जो उनके दिल में कड़वाहट भरता है। कलाम साहब के अनुसार जिंदगी कठिन है और आप तभी जीत सकते हैं, जब आप मनुष्य होने के अपने जन्मसिद्ध अधिकार के प्रति सजग हों।

## अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्रवाई

### ग्राम गुदगुदा में 2 बोट एवं 2 चैन माउंटेन मशीन जब्त



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार रायपुर जिले में अवैध रेत खनन के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने आरंग विकासखंड के ग्राम गुदगुदा में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त 2 बोट एवं 2 चैन माउंटेन मशीन जब्त की है। यह कार्रवाई आरंग एसडीएम अभिलाषा पैकरा के नेतृत्व में की गई, जिसमें नायब तहसीलदार जी.एन. सिदार, राजस्व अमला तथा खनिज अधिकारी हेमंत क्षेरपा एवं उनकी टीम शामिल रही। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध उत्खनन कार्य रोका गया और जब्त की गई सामग्रियों को सुरक्षित रखवाया गया है।

## किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अभिनव कार्यक्रम का 14 अक्टूबर को होगा शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के संस्थागत एवं गैर संस्थागत देखरेख के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अभिनव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 अक्टूबर को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में रायपुर के खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह में होगा।

प्रशिक्षण में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत, बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक एवं बाल कल्याण अधिकारी भाग लेंगे।

## कौशल विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब 14-15 अक्टूबर को दो दिवसीय दौरे पर

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब 14 तथा 15 अक्टूबर को सक्ती तथा जांजगीर-चांपा जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री साहेब निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सुबह 10.30 बजे राजधानी रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे सक्ती जिले के शिवरीनाराण पहुंचेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे दोपहर 2 बजे हसौद में जैतखाम का पूजा-अर्चना करेंगे। मंत्री साहेब कार्यक्रम पश्चात् अपरान्ह 3.10 बजे पीहरीद में शहीद दीपक भारद्वाज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिशाबंदियों तथा राहुल रेस्क्यू के परिजनों से भेंट-मुलाकात करेंगे। मंत्री साहेब शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री साहेब का रात्रि विश्राम सक्ती जिले में होगा। मंत्री गुरू खुशवंत साहेब 15 अक्टूबर बुधवार को विश्राम गृह सक्ती में प्रातः साढ़े 9 बजे स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करेंगे तथा सुबह 11 बजे सक्ती जिला कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। वे दोपहर 2 बजे सारसकेला में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद दोपहर 3 बजे से शाम 5.10 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा राजधानी रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## तुमला एनीकट निर्माण कार्य के लिए 6.49 करोड़ रूपए स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखण्ड फरसाबहार की तुमला एनीकट निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 49 लाख 56 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के निर्माण से क्षेत्रीय ग्रामवासियों को निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन तथा किसानों द्वारा स्वयं के साधन से 125 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजना का कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में 31 अक्टूबर तक कराएं पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राज्य के किसानों से अपील की गई है कि वे धान खरीदी, फसल बीमा एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में 31 अक्टूबर 2025 तक अपना ऑनलाइन पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन प्रक्रिया अब सरल और सुलभ कर दी गई है, जिससे किसान स्वयं अपने मोबाइल या कम्प्यूटर से पंजीयन कर सकते हैं। किसान अपना पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल https://cgfr.agristack.gov.in या फार्मर रजिस्ट्री सीजी मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं। पोर्टल पर नया खाता बनाने के लिए किसान को आधार से लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, भूमि के खसरा और बी-1 दस्तावेज की आवश्यकता होगी। पोर्टल में लॉगिन कर आवश्यक विवरण भरने के बाद किसान अपनी भूमि की जानकारी सत्यापित कर ई-साइन के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। सफल पंजीयन के बाद किसान को रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त होगा।

पंजीयन के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल या मोबाइल एप पर क्रिएट न्यू यूजर पर क्लिक करें। अपना आधार नंबर भरें और ओटीपी से सत्यापन करें। मोबाइल नंबर दर्ज कर वेरीफाई करें तथा पासवर्ड बनाएं। लॉगिन कर व्यक्तिगत व भूमि संबंधी जानकारी भरें। फेच लैण्ड डिटेल पर क्लिक कर अपने खसरा नंबर दर्ज करें और विवरण सत्यापित करें। अंत में ई-साइन ओटीपी के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें।

यदि किसान की जानकारी 80 प्रतिशत या उससे अधिक मेल खाती है, तो पंजीयन स्वचालित रूप से 48 घंटे के भीतर स्वीकृत हो जाएगा। अन्य मामलों में स्थानीय राजस्व अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद पंजीयन स्वीकृत किया जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए एग्रीस्टेक हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1033 जारी किया गया है। साथ ही, आवश्यक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के पटवारी या कृषि विस्तार अधिकारी से भी संपर्क कर सकते हैं। किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और कृषि योजनाओं के लाभ त्वरित रूप से पहुँचाने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल को एकीकृत मंच के रूप में विकसित किया है। किसान 31 अक्टूबर से पूर्व अपना पंजीयन कर किसान हितैषी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

# हम सभी एक किसान परिवार के हैं आपकी समस्याओं के हल के लिए हम प्रतिबद्ध : मंत्री गजेंद्र यादव

### किसानों की मांगों पर मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल से मिलकर सहानुभूतिपूर्वक की चर्चा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के द्वारा आज बूढ़ा तलाब स्थित धरना स्थल पर आंदोलन किया गया था। जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव आंदोलनरत भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की और उनसे उनकी समस्याओं के संबंध में जाना। जहां बिंदुवार सभी नौ सूत्रीय मांगों पर उन्होंने प्रतिनिधियों से सहानुभूतिपूर्वक सभी मांगों के संबंध में चर्चा की। इसके बाद वे बूढ़ा तलाब स्थित धरना स्थल में पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में आये किसानों ने मंत्री श्री यादव का अभिवादन किया।





शिक्षा मंत्री श्री यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी किसान एक परिवार की तरह हैं, हमारी विचारधारा भी एक ही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी इसी किसान परिवार से संबंध में रखते हैं, इसीलिए आपकी मांगों पर उन्होंने संवेदनशीलतापूर्वक विचार किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा कैबिनेट बैठक में 15 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसके निर्माण के लिए 2800 करोड़ रूपयों को आज जारी किया जा रहा है। इसके साथ ही धान खरीदी पर किसानों से 40 किलो में सात सौ ग्राम से अधिक नहीं लेने एवं समितियों में भंडारण सुनिश्चित करने की भी उन्होंने घोषणा की और खाद की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण का भी आश्वासन दिया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि किसानों की मांग अनुरूप कवर्धा के भोरमदेव शक्कर उत्पादक कंपनी के गन्ना उत्पादक किसानों की बकाया 46 करोड़ रूपयों की राशि को कैबिनेट द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, वित्त द्वारा इसपर जल्द कार्यवाही पूर्ण कर किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। जिस पर सभी किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## पहाड़ी कोरवा मंझनीन बाई करती है अस्पताल में सेवा

### अजगरबहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में है कार्यरत

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे कोरबा जिले से एक प्रेरक कहानी सामने आई है- यह कहानी है पहाड़ी कोरवा जनजाति समाज की मंझनीन बाई की, जिन्हें लोग 'राष्ट्रपति के दत्तक पुत्री समाज' की प्रतिनिधि के रूप में जानते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन कोरबा ने डीएमएफ फंड के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित परिवारों को रोजगार से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम उठाया, जिसका परिणाम परिलक्षित हो रहा है।







**मंझनीन बाई अज़गरबहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरतः** मंझनीन बाई को ग्राम अज़गरबहार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में मानदेय आधार पर नियुक्ति दी गई। उनके पति श्री किनारे लाल, जो स्वयं दसवीं पास हैं, को भी इसी योजना के तहत पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के हाई स्कूल एतमानगर में भृत्य के पद पर नियुक्ति मिली। अब दोनों पति-पत्नी आत्मनिर्भर हैं और अपने बच्चों व परिवार के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ रहे हैं। वह अब नियमित अस्पताल आती है। यहाँ नौकरी ने उनकी जिंदगी में खुशहाली ला दी है।

**मंझनीन बाई पहाड़ी कोरवाओं के लिए प्रेरणा बनी स्त्रोतः** कोरबा ब्लॉक के ग्राम टोकाभांटा की मंझनीन बाई का जीवन संघर्षों से भरा रहा। वे एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं जहाँ जंगल ही जीवन का सहारा था। वन उपज एकत्र कर ही उनका परिवार गुज़ारा करता था। शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी थी, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कक्षा दसवीं तक अध्ययन पूरा किया।

## दिलीप कुमार और सुनीत लाल का बिजली बिल पूरी तरह से शून्य

### तीन किलोवाट तक की सौर प्रणाली पर एक लाख 8 हजार रुपये तक की

**रायपुर।** सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना एक सरकारी पहल है जो घरों में सौर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी देती है। इसका उद्देश्य प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने से गौरेला नगर के सुनीत लाल और दिलीप कुमार गोयल का बिजली बिल पूरी तरह से शून्य हो गया है।



**बिजली बिल हुआ पूरी तरह से शून्य :** अग्रसेन चौक गौरेला के दिलीप कुमार गोयल ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कराया है। श्री गोयल बताया कि पहले उनके घर में बिजली की खपत अधिक होने के कारण बिल भी ज्यादा आता था, लेकिन योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने इसका लाभ उठाने का निर्णय लिया। इस योजना के तहत उन्हें केंद्र सरकार से 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी प्राप्त हुई। इसी तरह सुंदर नगर गौरेला के सुनीत लाल ने भी 78 हजार रूपये की सब्सिडी से जनवरी माह में अपने घर पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाया है। संयंत्र चालू होते ही उनके घर में बिजली उत्पादन शुरू हो गया और पहले ही महीने उनका बिजली बिल पूरी तरह से शून्य हो गया।

**तीन किलोवाट तक की सौर प्रणाली सब्सिडी दे रही है सरकारः** बता दें कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त योजना का उद्देश्य हर घर को सौर ऊर्जा से जोड़कर स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार इस योजना के तहत तीन किलोवाट तक की सौर प्रणाली पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दे रही है, जिससे आमजन के लिए सोलर पैनल लगवाना अब अधिक सुलभ हो गया है। इस योजना से बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी आ रही है, वहीं उपभोक्ता अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। इससे न केवल परिवार आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि पारंपरिक बिजली पर निर्भरता घटने से राष्ट्रीय ग्रिड पर भी भार कम हुआ है।

## शाम ढलते ही अंधेरे में डूबने वाला गांव हुआ रोशन

### ग्राम पंचायत पहरी के आश्रित बरपानी गांव में पहुंची पहली बार बिजली

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** किसी भी क्षेत्र के विकास को मापने के अनेक पैमाने हो सकते हैं जैसे सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा या पेयजल की व्यवस्था, परंतु इनमें सबसे बुनियादी जरूरत है बिजली की उपलब्धता। रोशनी केवल घरों को नहीं, बल्कि भविष्य को भी जगमगाती है। बिजली से ही विकास के पहिए गति पाते हैं, शिक्षा में सुधार होता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। रात के सन्नाटे में अब पहाड़ी कोरवा परिवार को मिली रौशनी से जीवन में बदलाव आ गया है।



**बुनियादी जरूरत है बिजलीः** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कई क्षेत्र दूरस्थ और पहाड़ी अंचल में पहाड़ी कोरवा परिवार बसे हुए हैं। घने जंगल, कठिन रास्ते, ऊँची पहाड़ियाँ और आवागमन की समस्या यहाँ के विकास की राह में अकसर बाधा बाधा बनी रहीं है। ऐसे क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सेवाओं तक पहुँच भी सीमित रहती है। इन चुनौतियों के बावजूद शासन प्रशासन ने पहाड़ी कोरवा आदिवासी बस्तियों तक शासन की योजनाओं को पहुँचाने का बीड़ा उठाया।

**घर-घर जल रहा है बल्बः** विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम बरपानी में बसे पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए बिजली कभी एक सपना था। पहले इन ग्रामीण इलाकों में सूरज ढलते ही अंधेरा छा जाता था, वहां अब शाम ढलते ही घरों, गलियों और खेतों में रोशनी जगमगाने लगी है कभी लालटेन या मिट्टी के दीए की मद्धिम रोशनी में अपना रात बिताने को मजबूर और असुविधाओं से भरी बरपानी गांव की कहानी अब बदल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बस्ती अंधेरे में न रहे। इसी दिशा में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे दूरस्थ गांव, जहां कभी बिजली के खंभे देखना भी सपना था, आज वहां घर-घर बल्ब जल रहे हैं।

**पहाड़ी कोरवाओं के घर पहुँची बिजलीः** शंकरगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत पहरी के आश्रित ग्राम बरपानी के कोरवापारा तक आखिरकार बिजली पहुंच गई। यह वह बस्ती है जहाँ वर्षों से 06 पहाड़ी कोरवा परिवार बिना बिजली के जीवन व्यतीत कर रहे थे। जब पहली बार उनके घरों में बल्ब जले तो बच्चों की आँखों में चमक, बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष और महिलाओं के मन में रही नई उम्मीदें। ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें शाम ढलने तक सारे काम निपटाने पड़ते थे, क्योंकि रात होते ही पूरा क्षेत्र घने अंधेरे में डूब जाता था। अब हालात बिल्कुल बदल गए हैं। रात का सन्नाटा अब रौशनी से जीवन की चहल-पहल में बदल गया है।

## मिला पक्का घर, बढ़ा आत्मसम्मान



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने लाखों परिवारों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान का नया अध्याय जोड़ा है। इस योजना के अंतर्गत मुंगेली जिले के ग्राम पदमपुर निवासी सौखीराम नट को पक्का घर प्राप्त हुआ, जिससे उनका वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ। सौखीराम का परिवार पहले कच्चे और जर्जर मकान में कठिन परिस्थितियों में रह रहा था। बरसात के मौसम में टपकती छत और मिट्टी की दीवारों को संभालना उनके लिए बड़ी चुनौती थी। दिहाड़ी मजदूरी से परिवार का खर्च चलाना ही मुश्किल था, ऐसे में पक्का मकान बनाना असंभव प्रतीत होता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उन्हें स्वीकृत आवास मिलने से उनकी जिंदगी में खुशियों का नया सवेरा आया।

उन्होंने बताया कि नया घर मिलने से अब परिवार सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रह रहा है। यह आवास केवल छत नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का प्रतीक बन गया है। सौखीराम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आमजन के लिए जीवन बदलने वाला उपहार साबित हुई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 67 हजार 300 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है।

# देश के पहले डिजिटल संग्रहालय में दिखेगी आदिवासी नायकों की शौर्य गाथा

### केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय के अधिकारियों ने की संग्रहालय की भव्यता और जीवंत प्रस्तुति की सराहना

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में तैयार किए गए भव्य संग्रहालय सह-स्मारक का लोकार्पण राज्योत्सव के अवसर पर करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बनाए जा रहा यह संग्रहालय देश का पहला डिजिटल संग्रहालय होगा। इस संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए 16 आदिवासी विद्रोहों की झलक देखने और सुनने को मिलेगी। संग्रहालय के लोकार्पण के लिए साज-सज्जा का काम अंतिम चरण में है। भारत सरकार के केन्द्रीय जनजाति मंत्रालय के अधिकारियों ने आज इस संग्रहालय का अवलोकन कर इसकी भव्यता और जीवंत प्रस्तुति की सराहना की।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय की ओएसडी श्रीमती रंजना चोपड़ा और संचालक श्रीमती दीपाली मासिरकर को संग्रहालय का भ्रमण कराते हुए बताया कि यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। नई पीढ़ियों को आदिवासियों का स्वतंत्रता विद्रोह की याद दिलाता रहेगा। यह न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए बल्कि देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने बताया कि संग्रहालय में डिजिटल माध्यम से आदिवासी समाज के विद्रोहों और उनके नायकों की गाथा की प्रस्तुति संग्रहालय का विशेष आकर्षण रहेगी। पूरे संग्रहालय परिसर को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है।



प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बताया कि संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर सरगुजा के कलाकारों द्वारा बनाए गए बेहद खूबसूरत नक्काशीदार पैनल लगाए जाऐंगे। वहीं मुख्य द्वार पर अंदर प्रवेश करते ही लगभग 1400 वर्ष पुराने साल वृक्ष की प्रतिकृति बनाई जा गई है, इसकी पत्तियों पर सभी 14 विद्रोहों का जीवंत वर्णन किया गया है। केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय की ओएसडी श्रीमती रंजना चोपड़ा ने संग्रहालय परिसर में तैयार हो रहे तालाब के चारों ओर सुन्दर पाथवे बनाने एवं लाईट की व्यवस्था और अंदर की गैलरी में ट्राईबल आर्ट का प्रयोग करने कहा। संग्रहालय के ओरिएंटेशन रूम की बाहरी दीवारों पर शहीद वीर नारायण सिंह जी की शहादत संबंधी जानकारी जैसे जेल रिकॉर्ड, सुनाई गई सजा के आदेश की कॉपी इत्यादि सभी मूल अभिलेख संरक्षित कर डिस्प्ले करने के सुझाव दिए।

चोपड़ा ने शहीद वीर नारायण सिंह जी के संघर्ष से संबंधित समाज द्वारा उपलब्ध कराई गई तलवार को भी संग्रहालय में संरक्षित कर प्रदर्शित करने और सोनाखान विद्रोह को प्रदर्शित करने के लिए ऑडियो-वीडियो व डिजिटल स्क्रीन की व्यवस्था, संग्रहालय में ट्राईबल रिलेटेड डॉक्यूमेंट फिल्म का भी प्रदर्शन, प्रत्येक गैलेरी में ऑडियो विजुअल की व्यवस्था कहा, ताकि आगंतुकों को मोबाइल में स्कैन करने पर पूरी जानकारी उपलब्ध हो और म्यूजिक को भी सुना जा सके। उन्होंने संग्रहालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाने भी कहा।

शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे- हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन 14 गैलेरियों में किया जा रहा है। वहीं जंगल सत्याग्रह और झंडा सत्याग्रह पर एक-एक गैलेरियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

इस मौके पर आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के आयुक्त डॉ. सरांश मित्तर, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी विकास निगम के संचालक डॉ. जगदीश सोनकर, छत्तीसगढ़ आदिवासी अनुसंसाधन एवं प्रशिक्षण संस्थान की संचालक हिना अनिमेष नेताम सहित निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रेमिका को मिलने पहुंचे युवक का शव मिला:



**खंडवा,एजेंसी।** ग्राम पामाखेड़ी में सोमवार को एक खेत के कुएं में इंदौर निवासी युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक चार दिन से लापता था। परिजनों ने लोकेशन ट्रेस कराई तो आखिरी लोकेशन खंडवा के नर्मदानगर क्षेत्र में मिली थी। परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे और अब कुएं में शव मिला है। मृतक की पहचान इंदौर के डबल चौकी क्षेत्र निवासी दीपक मानकर (22) के रूप में हुई। शव पर चोट के निशान मिले हैं। परिजन का आरोप है कि दीपक की प्रेमिका के घरवालों ने साजिश के तहत उसे बुलाकर हत्या की। प्रेमिका के घर चप्पल, 300 मीटर दूर शव मिला दीपक का शव जिस कुएं में मिला, वहां से करीब 300 मीटर की दूरी पर उसकी प्रेमिका का घर है। पुलिस ने जब लड़की के घर तलाशी ली तो दीपक की चप्पल वहीं मिली। लड़की ने पुलिस को बताया वह बिना बताए मेरे घर आ गया था। मैं किसी और से बात कर रही थी, उसने सुन लिया और मोबाइल छीनने लगा। मैंने मम्मी-पापा को आवाज दी, वे आ गए तो दीपक खेतों की तरफ भाग गया। रात थी, शायद कुएं में गिर गया होगा। दीपक के दोस्त विकास प्रजापत ने बताया कि दीपक की उस लड़की से पीथमपुर में फैक्ट्री में काम करते वक्त मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच प्यार हुआ और वे तीन महीने तक लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे। बाद में लड़की गांव लौट आई थी, लेकिन दोनों के बीच बातचीत जारी थी।कुछ दिन पहले लड़की ने ही दीपक को मिलने के लिए बुलाया था। नर्मदानगर थाना टीआई विकास खिंची ने बताया कि युवक 9 अक्टूबर से लापता था। सोमवार को पामाखेड़ी के कुएं में शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पुनासा अस्पताल भेजा गया है।उन्होंने कहा, फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। मंगलवार को पैनल पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि मौत हादसा थी या हत्या।

### सिवनी में खड़ी बाइक ने पकड़ी आग

**सिवनी, एजेंसी।** घंसौर की पुरानी बस्ती में सोमवार देर रात एक खड़ी बाइक में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि, समय रहते आसपास की अन्य बाइकों को हटा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के



अनुसार, पुरानी बस्ती में खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 22 जेड ए 2942 की बैटरी फट गई, जिससे आग लग गई। आग तेजी से पेट्रोल टैंक तक फैल गई और बाइक धू-धू कर जलने लगी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत आसपास खड़ी अन्य बाइकों को सुरक्षित स्थान पर हटाया। बताया जा रहा है कि इस बाइक की सर्विसिंग एक सप्ताह पहले ही हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वह लोगों और वाहनों की आवाजाही वाला क्षेत्र है। यदि घटना के समय अधिक लोग मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# दीपावली पूर्व मंडी में 12000 बोरी सोयाबीन आया, 4 करोड़ की बिक्री; बीज वालों की एकतरफा खरीदी



**उज्जैन,एजेंसी।** सीजन की सोयाबीन की पहली बड़ी आवक 12000 बोरी रही। करीब 4 करोड़ की बिक्री हुई। पहली बार सोयाबीन में बीज वालों की एकतरफा खरीदी ऊंचे भाव वाली रही। करीब 1500 बोरी सोयाबीन में बीज 2172, ब्लैक बोर्ड, 2117 क्वालिटी का सोयाबीन 4821 रुपए तक बिक गया। मंडी के दो से तीन व्यापारी भी बीज की खरीदी करते हैं। इसमें से एक बीज संस्था में पदाधिकारी बदलाव कर मंडी के एक बड़े गोदाम जो किराए का है, उसमें बीज का बड़ा कारोबार होने की खबर है। बीज प्रक्रिया से नहीं गुजरते हुए सीधे ग्रेडिंग कर बीज के नाम से सप्लाई भी हो जाते हैं। 6 माह पूर्व उज्जैन की कृषि उपज मंडी में इस प्रकार के बीज की जांच और छापे डाले थे। 800 से 1000 रुपए क्विंटल लाभ का व्यापार वर्षो से चल रहा है।

किसान कमल पटेल, हाकम सिंह पटेल ने कहा फसल खराब होने का कारण खराब बीज का होना भी माना गया है। इसकी शिकायत जल्द ही कृषि विभाग और कृषि मंत्री को की जाएगी। जिसकी फसल खराब हुई है उसके लिए बीज बेचने वाले भी जिम्मेदार हैं। किसानों का मानना है कि नकली खाद और बीज बेचने वाले मंडी में या मंडी क्षेत्र में नहीं होना चाहिए। किसान वर्ग इसकी भी पड़ताल कर रहे हैं।

इधर निमाड़ क्षेत्र भीकनगांव के बीज व्यापारी ने कमीशन पर सोयाबीन बीज की खरीदी करवाई जाने की खबर है। बडनगर मंडी में इससे अच्छी क्वालिटी की सोयाबीन आने से बाहर के तीन से चार बीज व्यापारी 4800 से 5000 रुपए तक की खरीदी कर रहे हैं, लेकिन उज्जैन में इस प्रकार की क्वालिटी सोयाबीन की नहीं आने से आसपास की मंडियों में खरीदार पहुंच रहे हैं।

कारोबारी अमर अग्रवाल के अनुसार नीमच लाइन के प्लांट ऑफर भाव 4350, जबकि इंदौर लाइन के 4250 रहे। इस प्रकार का सोयाबीन 4400 से 4425 तक बिका। अब सोयाबीन की नमी समाप्त हुई तो प्रति क्विंटल में तीन से चार किलो अधिक मिट्टी आने लगी है, जबकि नमी 12 से 15त्न की आने लगी है। 4400 से 4425 वाले सोयाबीन में नमी 11त्न की ही बताई गई है।

# नर्मदापुरम में बस और कार की भिड़ंत कार ड्राइवर की दर्दनाक मौत

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम पिपरिया स्टेट हाईवे पर माखननगर में यात्री बस और कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना सोमवार रात करीब 9.30 बजे हुई। हादसे में कार ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। करीब 45 मिनट कार फंसे रहा। रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। कार और बस में बैठे 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल भेजा गया है। कार ड्राइवर बुरी तरह फंस गया था। राहगीरों की मदद से उसे बाहर निकाला जा सका। करीब 45 मिनट तक ड्राइवर दर्द से तड़पते रहा।

### पिपरिया जा रही थी बस

पुलिस के मुताबिक शिवहरे सर्विस कंपनी की बस है। जो नर्मदापुरम से पिपरिया की ओर जा रही थी। कार पिपरिया की ओर से नर्मदापुरम की ओर आ रही थी। दोनों तरफ रफ्तार तेज थी, जो आपस में टकरा गई। हादसा माखन नगर में तहसील के पास हुआ। बस का ड्राइविंग सीट वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। 10 यात्री घायल हुए गए। ड्राइवर

**रेस्यू कर निकाला; 10 यात्री भी घायल**



की मौत गई। उसे रेस्क्यू कर निकाला गया। एसडीओपी संजू चौहान ने बताया बस और कार की टक्कर हुई। जिसमें कार ड्राइवर ऋषभ चौहान(28) निवासी नर्मदापुरम की मौत हो गई। 10 लोग घायल हुए। जिनका उपचार जारी है।


## खाद वितरण के दौरान तहसीलदार ने किसान को मारा थप्पड़

### टोकन बांटते समय किसान का हाथ लगने पर भड़कीं, किसानों ने हंगामा किया

**सागर, एजेंसी।** सागर जिले की देवरी तहसील में खाद वितरण के दौरान एक महिला तहसीलदार ने किसान को थप्पड़ मार दिया। घटना सोमवार को कृषि उपज मंडी की है, जहां टोकन बांटते समय भीड़ में एक किसान का हाथ लगने से तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया भड़क गई। घटना के बाद किसानों ने हंगामा कर दिया, जिसके बाद एसडीएम को मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराना पड़ा। इस पूरी घटना का एक वीडियो मंगलवार को सामने आया है।

### भीड़ में हाथ लगने पर भड़कीं तहसीलदार

जानकारी के अनुसार, सोमवार को देवरी कृषि उपज मंडी में किसानों को खाद के लिए टोकन बांटे जा रहे थे। तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया खुद किसानों को टोकन दे रही थीं। टोकन लेने के लिए किसानों की भारी भीड़



जमा थी। इसी धक्का-मुक्की के दौरान एक किसान का हाथ तहसीलदार को लग गया, जिससे वे नाराज हो गई और उन्होंने किसान को थप्पड़ जड़ दिया।

### किसानों ने किया हंगामा, एसडीएम ने शांत कराया

तहसीलदार द्वारा किसान को थप्पड़ मारने के बाद मौके पर मौजूद अन्य किसान भड़क गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

# महिला के ब्रेस्ट से 12 किलो की गांठ निकाली खरगोन में 3 घंटे ऑपरेशन चला

## जिला अस्पताल में अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन हुआ

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन जिला अस्पताल में 55 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट से ऑपरेशन करके 12 किलोग्राम की एक बड़ी गांठ निकाली गई। यह ऑपरेशन लगभग 3 घंटे तक चला। गठान के बायोप्सी सैंपल जांच के लिए इंदौर भेजे गए हैं।

जानकारी के अनुसार, बलवाड़ी की महिला को चार दिन पहले ब्रेस्ट में गांठ की शिकायत के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गांठ के अत्यधिक बड़े आकार के कारण मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया गया।

जांच रिपोर्ट में मरीज के शरीर में केवल 6 ग्राम खून पाया गया, जिसके बाद ऑपरेशन से पहले महिला को दो बोतल खून चढ़ाया गया। 10 ग्राम से अधिक खून होने पर ही ऑपरेशन किया गया।



### 12 किलो की गांठ निकली, अब तक की सबसे बड़ी सर्जरी

ऑपरेशन के दौरान लगभग 12 किलोग्राम की गांठ निकाली गई, जिसके लिए ब्रेस्ट को अलग करना पड़ा। यह संभवतः खरगोन जिला अस्पताल में अब तक की गई सर्जरी में निकाली गई सबसे बड़ी गांठ है। इस जटिल ऑपरेशन को जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. गौरव पाटीदार, डॉ. आकृति पाटीदार, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. एनएल महाजन, व ओटी स्टाफ आरआर चौहान, रुबीना खान और पूजा पाटीदार की टीम ने अंजाम दिया।

### डॉक्टर ने कहा- पहली बार इतना बड़ा ऑपरेशन किया

डॉ. गौरव पाटीदार ने बताया कि यह उनके द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन था। महिला के ब्रेस्ट में यह ट्यूमर पिछले 6 माह में तेजी से बढ़ा था और उसमें पस भी आने लगा था।

# 16 साल की किशोरी से दुष्कर्म पिता का दोस्त ही निकला आरोपी

### मुंबई में हुई थी एफआरआई पुलिस ने किया गिरतार

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम जिले के जावरा में 16 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप किशोरी के पिता के 45 वर्षीय दोस्त तोहित शेख पर है। घटना अगस्त महीने में जावरा के हुसैन टेकरी क्षेत्र में हुई थी। पीड़िता ने मुंबई में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



**मुंबई में दर्ज हुई थी जीरो पर FIR:** जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना टीआई विक्रमसिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता ने मुंबई के दिंडोशी थाने में दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करवाई थी। वहां जीरो पर कायमी होने के बाद रिपोर्ट जावरा थाने भेजी गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी तोहित शेख (45) निवासी वार्ड 22, बड़ा मालीपुरा, जावरा को गिरफ्तार किया गया।

**पिता का दोस्त होने का उठाया फायद:** किशोरी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उसके पिता और आरोपी तोहित शेख एक ही जगह काम करते थे, जिसके चलते तोहित का उसके घर आना-जाना था। इसी जान-पहचान का फायदा उठाकर आरोपी ने हुसैन टेकरी क्षेत्र के एक मकान में उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यह घटना इसी साल 5 अगस्त से 22 अगस्त के बीच की है।

### आरटीआई एक्टिविस्ट पर हमला मामला

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर जिले के गुड़भेला गांव के पास एक आरटीआई एक्टिविस्ट पर हमला हुआ है। इंदौर की ओर जा रही उनकी कार को रोककर बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें बेरहमी से पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस अब तक हमलावरों का सुराग नहीं लगा पाई है।यह घटना सोमवार शाम करीब 6 बजे हुई, जब भोपाल से इंदौर जा रही एक कार का पीछा करते हुए बाइक सवार दो हेलमेट पहने युवकों ने उसे गुड़भेला के पास रोक लिया। बदमाशों ने कार में बैठे व्यक्ति को बाहर निकाला और लाठियों से जमकर मारपीट की। इस दौरान उन्होंने कार चालक या अन्य किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।

# कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत, उत्तर प्रदेश में पदस्थ; छतरपुर निवासी था मृतक

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी धीरेंद्र अरजरिया (27 वर्ष) की सड़क हादसे में मौत हो गई। धीरेंद्र उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में कांस्टेबल के पद पर पदस्थ थे। बताया गया है कि वह अपने मित्र प्रशांत पटेरिया के साथ सतना में आयोजित संविदा वर्ग-3 की परीक्षा देने गए थे। सोमवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे।

### मैहर तिराहा के पास अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर

रास्ते में जिला सतना के मैहर तिराहा के पास अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में धीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके मित्र प्रशांत पटेरिया को मामूली चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत नागौद उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया, रास्ते में ही धीरेंद्र ने दम तोड़ दिया।धीरेंद्र का शव पोस्टमार्टम के लिए छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया। उनके मित्र प्रशांत पटेरिया ने बताया कि दुर्घटना अचानक हुई और टक्कर इतनी तेज थी कि धीरेंद्र को गंभीर चोटें आईं। हादसे



के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और घायल को अस्पताल ले जाने में मदद की।

### टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश जारी

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि घटना सोमवार शाम को हुई थी और मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। उन्होंने कहा कि फिलहाल घटना की जानकारी इकट्ठा की जा रही है और अज्ञात बाइक सवार की पहचान कर गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।हादसा जिले में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को लेकर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

# बाघ और सियार के हमले से तीन घायल, जंगल में महिला पर बाघ का हमला

**रायसेन, एजेंसी।** रायसेन जिले में बाघ और सियार के अलग-अलग हमलों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में 8 वर्षीय बच्चा और दो महिलाएं शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। ये दोनों घटनाएं सोमवार शाम को हुईं।

पहली घटना बाड़ी-बरेली रोड स्थित सेमरी सिलारी गांव के पास हुई। यहां 40 वर्षीय आशो बाई अपने घर से कुछ ही दूरी पर जंगल में लकड़ी लेने गई थीं। इसी दौरान एक बाघ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले में आशो बाई के सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं।

उनके पति गौरी शंकर ठाकुर ने बताया कि सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायल आशो बाई को जिला अस्पताल पहुंचाया। वन विभाग द्वारा उनके इलाज का खर्च वहन किया जा रहा है।

दूसरी घटना में सियार ने किया हमला

दूसरी घटना टिकोदा के पास स्थित बड़ा खेड़ा गांव में हुई। यहां 60 वर्षीय शांति बाई और 8 वर्षीय अजय बाजार से वापस लौट रहे थे, तभी एक सियार ने उन पर हमला कर दिया। सियार के हमले से शांति

**बुजुर्ग-बच्चे को सियार ने काटा, सिर हाथ में चोट**



बाई के दोनों हाथों और सिर में गंभीर चोटें आई, जबकि बच्चे अजय के सिर में भी चोट लगी।

हमले के बाद उन्होंने पत्थर मारकर सियार को भगाया और शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने उन्हें भी जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### बुरहानपुर पुलिस ने भातखेड़ा में जन चेतना शिविर

**बुरहानपुर, एजेंसी।** पुलिस ने ग्राम पंचायत भातखेड़ा में जन चेतना शिविर का आयोजन किया। यह शिविर 13 अक्टूबर 2025 को थाना अजाक द्वारा पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश और नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ने भी मार्गदर्शन दिया।

शिविर में थाना प्रभारी अजाक ओमप्रकाश तंत्वार और स्टाफ ने उपस्थित ग्रामवासियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसमें विधिक अधिकार, सामाजिक अपराधों की रोकथाम, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। पुलिस सहायता के सही माध्यमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

ग्रामीणों को यह भी सूचित किया गया कि किसी भी प्रकार की जातीय भेदभाव, घरेलू हिंसा, बाल विवाह या छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# भारत बनाम वेस्टइंडीज: दिल्ली टेस्ट में 7 विकेट से जीत, टीम इंडिया ने किया सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वेस्टइंडीज को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से मात देकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। भारत को जीत दिलाने में शतकवीर यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल के साथ मुकाबले में कुल 8 विकेट हासिल करने वाले कुलदीप यादव का अहम योगदान रहा। मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित की। इस पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 129 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से जोमेल वारिकन को 3 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में महज 248 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए एलिक एथनाज ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, जबकि शाई होप ने 36 रन टीम के खाते में जोड़े। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सर्वाधिक 5 सफलताएं हासिल कीं। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट निकाले।

इसी के साथ भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रन की विशाल बढ़त हासिल करते हुए मेहमान टीम को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया।

दूसरी पारी में खराब शुरुआत के बाद वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल (115) और शाई होप (103) ने संभाला। इनके अलावा, जस्टिन इमलाच ने नाबाद 50 रन बनाकर टीम को 390 रन तक पहुंचाया।

इस पारी में भारत की तरफ से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 सफलताएं हासिल कीं। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट निकाले।

भारत को जीत के लिए 121 रन का आसान टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने महज 9 रन पर यशस्वी जायसवाल (8) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़ते हुए टीम को जीत के करीब ला दिया, लेकिन साई सुदर्शन (39) के आउट होने के बाद शुभमन गिल (13) के रूप में टीम ने जल्द दो अन्य विकेट गिरा दिए।



यहां से केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। राहुल 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 58 रन बनाकर नाबाद रहे। इस पारी में वेस्टइंडीज के लिए कप्तान रोस्टन चेज ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि जोमेल वारिकन ने 1 विकेट निकाला।


भारत ने अहमदाबाद में खेले गए सीरीज के पहले मैच को पारी और 140 रन से अपने नाम किया था।

## कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी और चैंपियंस क्रिकेट अकादमी, खरड़ ने दूसरे स्वर्गीय मंजू अरोड़ा अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने लीग मैच जीते




**चंडीगढ़, एजेंसी।** कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी ने सनराइज क्रिकेट अकादमी, ज़ीरकपुर को 243 रनों के बड़े अंतर से हराकर दूसरे स्वर्गीय मंजू अरोड़ा अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने लीग मैच जीते। यह मैच आज यहाँ इंद्रजीत क्रिकेट अकादमी, गोलू माजरा, मोहाली और आई.वी.सी.ए. क्रिकेट ग्राउंड, डेराबस्सी में खेला गया। कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी के समर सहोता ने 5 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी की टीम ने 30 ओवर में 5 विकेट खोकर 275 रन बनाए। अरिहान ने 59 रन और गुरताज सिंह ने 59 रन बनाए। 55 रन, सिद्धार्थ ने 44 रन, काविश यादव ने 31 रन और नक्ष चौहान ने 29 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए सनराइज अकादमी, जीरकपुर के गेंदबाज मोहम्मद अतीब ने 2 विकेट लिए। जवाब में सनराइज क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर की टीम 17.3 ओवर में केवल 32 रन पर ऑल आउट हो गई और सनराइज क्रिकेट क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर 243 रनों से मैच हार गई। वेदांत मित्तल केवल 12 रन बनाकर दोहरे अंक में पहुंच पाए।

## शैनन टैन ने जीता महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ खिताब, हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर



**गुरुग्राम, एजेंसी।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 का खिताब अपने नाम किया। यह उनकी लेडीज़ यूरोपियन टूर (LET) में तीसरी जीत है। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रहीं।

टैन ने गुरुग्राम के DFF गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल 7 अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। आखिरी राउंड से पहले टैन संयुक्त चौथे स्थान पर थीं, लेकिन अंतिम राउंड में उन्होंने 5 अंडर का शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम होल पर हेवसन डबल बोगी कर बैठीं, जिससे टैन ने नाटकीय अंदाज में जीत दर्ज की।

जीत के बाद टैन ने कहा, मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, वीजा में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचना। इसके बावजूद मैं आभारी और खुश हूं कि मुझे खेलने का मौका मिला। भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कमज़ोर रहा और उन्होंने चार ओवर 76 का स्कोर बनाया। वह आखिरी में टैन से दो शॉट पीछे रह गई और अपना पहला LET खिताब नहीं जीत सकीं।

दूसरे भारतीय गोल्फर भी शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। प्रणवी उर्स चौथे स्थान पर रहीं (4 अंडर) और अवनि प्रशांत पांचवें स्थान पर (3 अंडर) रही, वहीं वाणी कपूर संयुक्त 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की ओलंपियन दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 41वें स्थान पर रही।

# बतौर टीम हम बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं: रवींद्र जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। इस सीरीज में शतकीय पारी खेलने के अलावा, कुल 8 विकेट हासिल करने वाले रवींद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, जबकि दिल्ली टेस्ट में 8 विकेट लेने वाले कुलदीप यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे। प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने पर रवींद्र जडेजा ने कहा, बतौर टीम हम बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हम जानते हैं कि पिछले पांच-छह महीनों में हमने किस तरह का क्रिकेट खेला है। एक टीम के तौर पर यह अच्छा संकेत है कि हम लंबे समय तक ऐसा करते रहेंगे। अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर जडेजा ने बताया, जैसा कि गौतम गंभीर ने कहा, मैं अब बल्लेबाज के तौर पर छठे नंबर पर हूं। इसलिए मैं एक अच्छे बल्लेबाज के तौर पर ज्यादा सोच रहा हूं। यह मेरे लिए कारगर है। पहले, कई वर्षों तक मैं आठवें, नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करता रहा, इसलिए मेरी मानसिकता अब की मानसिकता से थोड़ी अलग थी। मैं बस कोशिश करता हूं कि जब भी बल्लेबाजी का मौका मिले, क्रीज पर ज्यादा समय बिताऊं।



उन्होंने कहा, मैं रिकॉर्ड्स के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मैं बस अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए बल्ले और गेंद, दोनों से योगदान देने पर फोकस करता हूं। मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी मैन ऑफ द सीरीज ट्रॉफी है। मैं बहुत खुश हूं।

वहीं, प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव ने कहा, यह बिल्कुल अलग विकेट था। यहां ज्यादा ओवर डालना एक चुनौती थी। मुझे यहां गेंदबाजी करने में मजा आया। यहां कोई ड्रिफ्ट नहीं था। विकेट बहुत ड्राई था। ज्यादा ओवर डालना और विकेट हासिल करना मुझे बहुत पसंद है। मुझे बल्लेबाज को आउट करना अच्छा लगता है। मैंने पहले टेस्ट मैच में भी कुछ विकेट लिए, यहां भी विकेट निकाले। जडेजा का साथ होना बहुत अच्छा है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में मेरा मार्गदर्शन किया है।

भारत ने अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट को पारी और 140 रन से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने सीरीज का दूसरा मैच 7 विकेट से जीत लिया।

## पिछले 27 टेस्ट मुकाबलों में वेस्टइंडीज से नहीं हारी टीम इंडिया, ऐसा रहा है रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच को 7 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। वेस्टइंडीज की टीम पिछले 27 टेस्ट मुकाबलों में भारत को शिकस्त नहीं दे सकी है। वेस्टइंडीज ने मई 2022 में भारत के खिलाफ किंग्स्टन में खेले गए मुकाबले को 155 रन से अपने नाम किया था। इसके बाद टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को करारा जवाब देते हुए उसी साल लगातार दो मुकाबले जीते। भारत और वेस्टइंडीज के बीच नवंबर 2002 से जून 2006 के बीच खेले गए लगातार चार मैच ड्रॉ रहे। हालांकि, इसी साल टीम इंडिया ने किंग्सटन के मैदान पर मेजबान टीम के विरुद्ध 49 रन से जीत दर्ज की।




भारत और वेस्टइंडीज की टीमें साल 2011 में कुल 6 टेस्ट खेलीं, जिसमें 3 मैच जीते, जबकि इतने ही मुकाबले ड्रॉ रहे। साल 2013 में दोनों देश कुल दो मैच खेले। भारत ने इस दौरान पारी के अंतर से दोनों ही मुकाबले अपने नाम किए। साल 2016 में भारत-वेस्टइंडीज की टीमें कुल 4 टेस्ट खेलीं, जिसमें 2 टेस्ट जीते, जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे।

साल 2018 से 2019 के बीच टीम इंडिया ने सभी चार मुकाबले अपने नाम किए। साल 2023 में भारत ने एक मैच पारी के अंतर से जीता, जबकि एक ड्रॉ रहा। टीम इंडिया ने साल 2025 में वेस्टइंडीज को दोनों ही मुकाबलों में शिकस्त देकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया।

दोनों देशों ने साल 1948 से अब तक टेस्ट इतिहास में कुल 102 मैच खेले हैं, जिसमें वेस्टइंडीज ने 30 मुकाबले जीते। भारतीय टीम इस दौरान 25 टेस्ट अपने नाम कर सकी है। वहीं, 47 टेस्ट ड्रॉ रहे।

भारत-वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली में खेले गए टेस्ट मैच की बात करें, तो टीम इंडिया ने पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित की। इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में सिर्फ 248 रन पर सिमट गई। यहां से भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रन की बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 390 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत के लिए 121 रन का लक्ष्य दिया, जिसे भारत ने 7 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

## खिलाड़ियों को मैनेज और टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात: शुभमन गिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। गिल को इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट की कप्तानी सौंपी गई थी, जहां टीम इंडिया ने 2-2 से सीरीज ड्रॉ करवाई। इसके बाद गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया है। गिल ने कप्तानी को लेकर कहा, मैं अब इसकी आदत डाल रहा हूं। सभी खिलाड़ियों को मैनेज करना, इस टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। यह किसी भी परिस्थिति में सही विकल्प चुनने के बारे में है। मैं उस स्थिति में सबसे संभावित निर्णय लेने की कोशिश करता हूं जिसमें हम उस खेल में होते हैं। कभी-कभी आपको एक साहसिक निर्णय लेना पड़ता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन-सा खिलाड़ी आपको रन या विकेट दिला सकता है। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फॉलोऑन लागू करने पर कहा, हम लगभग 300 रन (270 रन) आगे थे। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लेते हैं और हमें पांचवें दिन 6 या 7 विकेट लेने हैं, तो यह हमारे लिए एक कठिन दिन हो सकता है।

नीतीश रेड्डी को इस सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में मौका दिया गया। अहमदाबाद टेस्ट में नीतीश को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिल सका, लेकिन उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी जरूर की। इसके बाद दिल्ली टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 43 रन बनाए। नीतीश रेड्डी को सीरीज में भरपूर मौके दिए जाने पर कप्तान गिल ने कहा, हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ विदेशों में ही मैच खेलें। इससे खिलाड़ियों पर बहुत दबाव पड़ता है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें लगता है कि विदेशों में मैच जीतने में हमारी मदद कर सकते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए एक चुनौती रही है। इस सीरीज में गिल ने 50, 129* और 13 रन की पारी खेली। गिल ने अपने प्रदर्शन को लेकर कहा, जब मैं मैदान पर जाता हूं, तो मैं बस एक बल्लेबाज के तौर पर फैसले लेना चाहता हूं। एक चीज जो आप हमेशा चाहते हैं, वो है अपनी टीम को मैच कैसे जिताएं। जब मैं बतौर बल्लेबाज मैदान पर जाता हूं, तो मेरे दिमाग में बस यही ख्याल आता है।

## हो सकता है मै ही गुकेश के साथ विश्व चैंपियनशिप खेलूँ हिकारु नाकामुरा

**न्यू यॉर्क,एजेंसी।** अभी कुछ पहले भारत और यूएसए के प्रदर्शनी मुक़ाबले में गुकेश को पराजित करने के बाद उनका राजा दर्शको की ओर फेंककर आलोचना का शिकार बने और चर्चा में आए दुनिया के नंबर 2 खिलाड़ी अमेरिकन ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भारत के युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश से 2026 की विश्व शतरंज चैंपियनशिप में सामना करने की इच्छा जताई है , उन्होने यह बात गलस्टन क्लब में क्लच चेस- चैंपियंस शोडाउन और ग्लोबल चेस लीग में गुकेश से दोबारा टकराव के संदर्भ में कही है। नाकामुरा फिलहाल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें कम से कम 40 क्लासिकल मैच खेलने है और अगर इसके बाद वह अपना विश्व नंबर 2 का स्थान बनाए रखते है तो उनका कैंडिडेट पहुँचना तय है , हालांकि वहाँ उन्हे दुनिया के बाकी 7 दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ना होगा तभी वह गुकेश के विश्व खिताब को चुनौती दे सकते है । हाल ही में एक प्रदर्शनी मुकाबले में नकामुरा ने गुकेश को पराजित किया और अपने उत्साह में गुकेश का राजा मोहरा दर्शकों की ओर फेंक दिया, जिससे विवाद और आलोचना शुरू हो गई। कई विशेषज्ञों ने इस व्यवहार को अनुचित बताया, जबकि नकामुरा ने इसे केवल प्रदर्शनी मैच की मनोरंजक पहलू बताया और कहा कि इसमें कोई अपमानजनक इरादा नहीं था।



# गंभीर ने श्रीकांत पर किया पलटवार, कहा- 23 साल के खिलाड़ी को निशाना बनाना शर्मनाक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में चुने जाने पर सवाल उठाने वाले पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत पर पलटवार करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि एक 23 वर्षीय खिलाड़ी को निशाना बनाना शर्मनाक है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर आरोप लगाया था कि राणा केवल गंभीर की वजह से राष्ट्रीय टीम में हैं। उन्होंने कहा कि राणा को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में इसलिए चुना गया क्योंकि वह गंभीर की जी-हुजूरी करते हैं।

गंभीर ने वेस्टइंडीज पर भारत की टेस्ट श्रृंखला जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह शर्मनाक है कि कोई व्यक्ति अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए 23 साल के खिलाड़ी को निशाना बना रहा है। अगर आप मुझे निशाना बनाना चाहते हैं, तो बनाइए। मैं इससे निबट सकता हूं, लेकिन यूट्यूब व्यूज के लिए 23 साल के युवा खिलाड़ी को ट्रोल करना शर्मनाक है। उन्होंने कहा, 'उनके (राणा के) पिता चयनकर्ता नहीं हैं। उन्होंने अपनी योग्यता के आधार पर टीम में जगह बनाई है। इन युवा लड़कों को निशाना मत बनाइए। भारत ने यहां दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया।




क्या कहा था श्रीकांत ने श्रीकांत ने हाल ही में कहा था, 'केवल एक सदस्य है, हर्षित राणा... कोई नहीं जानता कि वह टीम में क्यों है। सबसे अच्छा यही है कि हर्षित राणा की तरह बनें और टीम में चयन के लिए गंभीर की लगातार हां में हां मिलाते रहें। दिल्ली के क्रिकेटर राणा ने पिछले साल गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से दो टेस्ट, पांच वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 19 अक्टूबर से शुरू होगी।

## उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप 2025 में भारत का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जालंधर, एजेंसी।** भारत की प्रियंका ठाकुर ने उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप 2025 के फाइनल में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी को 3-0 से हराकर सीनियर लो किक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनप्रीत कौर ने फुल कॉन्टैक्ट में कांस्य पदक जीता। पंजाब के जालंधर के पीएपी में दोनों खिलाड़ी पंजाब पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। टीम का मार्गदर्शन इंस्पेक्टर खेम चंद और अंकुश घारू ने किया। प्रियंका ठाकुर और मनप्रीत कौर ने अपने कोच को लेकर कहा कि उनकी अच्छी ट्रेनिंग की बदौलत वह मेडल जीत पाई हैं। प्रियंका ने कहा कि यह कंपटीशन काफी टफ था, लेकिन उन्होंने पूर्ण प्रयास किया और गोल्ड मेडल जीत पाई। एक तरह से उन्होंने दिवाली पर भारत को गोल्ड मेडल जीतकर तोहफा दिया है।

प्रियंका ने कहा कि वह वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए और भी कड़ी मेहनत करेंगी और उसमें भी गोल्ड मेडल जीतकर भारत की झोली में डालेंगी। उन्होंने अपने कोच का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने हमें अच्छे तरीके से गाइड किया था जिस कारण वह उम्मीद लेकर गए थे और वह उम्मीद पर खरे उतरे हैं। प्रियंका ने कहा कि उज्बेकिस्तान और तुर्की के प्लेयर के साथ मुकाबला काफी टफ रहा है।



पंजाब पुलिस में हेड कांस्टेबल मनप्रीत कौर ने कहा कि उनका यह पहला कंपटीशन था और उन्होंने इस कंपटीशन में बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि वह इस कंपटीशन में बिल्कुल भी नर्वस नहीं हुई हैं और उनकी मां का सपना जो साकार हुआ है कि उनकी मां उन्हें टीवी पर देखना चाहती थीं। मनप्रीत कौर ने कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए अब वह आगे से कड़ी मेहनत करेंगी और भारत को गोल्ड जिताकर झोली में डालेंगी। मनप्रीत ने आगे कहा कि पोलैंड की टीम और उज्बेकिस्तान की लोकल प्लेयर होने के कारण यह कंपटीशन काफी टफ रहा है, लेकिन कोच की अच्छी ट्रेनिंग के कारण वह ब्रॉन्ज मेडल जीत पाई है।

दोनों महिला खिलाड़ियों के कोच इंस्पेक्टर खेमचंद ने कहा कि उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है कि उनकी खिलाड़ियों ने भारत देश का नाम रोशन किया है और एक ने गोल्ड और दूसरे ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। उन्होंने कहा कि देश के साथ उन्होंने पंजाब पुलिस का भी नाम रोशन किया है और आगे भी उम्मीद है कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऐसे ही अपना खेल प्रदर्शन कर भारत की झोली में गोल्ड मेडल डालेंगे।

# डंपर चलाने को लेकर हुए विवाद में की हत्या, वारदात के 3 दिन बादे आरोपी गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** नादन में एक युवक की हत्या के तीन दिन बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी भईयालाल उर्फ भईयन कोल को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। मृतक की पहचान अंजनी उर्फ बैलेट लोनी (40 वर्ष) निवासी नादन के रूप में हुई है।

थाना देहात पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर की देर रात लगभग 1 बजे अंजनी लोनी मैहर-अमरपाटन रोड पर आशुतोष पांडेय के क्रशर के सामने घायल अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर उसकी साइकिल और चप्पलें भी मिलीं। उसे डायल-112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपाटन ले जाया गया, जहां से उसे संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया। रीवा पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**सिर और चेहरे पर चोट:** पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने बताया कि मृतक के सिर और चेहरे पर किसी कठोर व भोथरे वस्तु से कई बार प्रहार किए गए थे। इन गंभीर चोटों के कारण कपाल-मस्तिष्क में क्षति हुई, जो उसकी मृत्यु का कारण बनी।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी भईयालाल उर्फ भईयन कोल (31 वर्ष) से पूछताछ की। सामने आया कि 9 अक्टूबर को भईयालाल ने अंजनी लोनी को फोन कर 10 अक्टूबर की सुबह नादन बुलाया था। दोनों ने मिलकर डंपर की ग्रीसिंग और वेल्डिंग का काम कराया और इस दौरान कई बार शराब पी। देर रात शराब के नशे में डंपर चलाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद भईयालाल ने अंजनी पर हमला कर उसकी हत्या कर दी।

प्रारंभ में यह मामला मर्ग क्रमांक 52/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत दर्ज किया गया था। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल के निरीक्षण के बाद इसे हत्या के मामले में बदल दिया गया। थाना देहात पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रिंसिपल पर दो छात्राओं से मारपीट का आरोप

## बिना कारण जड़े थप्पर, छात्रा बेहोश; प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले के रामनगर स्थित शासकीय पी.एम. श्री कन्या शाला में प्राचार्य पर दो छात्राओं से मारपीट का आरोप लगा है। इस मामले में पीड़ित छात्रा ने रामनगर थाने में प्राचार्य संतोष पटेल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह घटना सोमवार को हुई।

फरियादी छात्रा के अनुसार, वह अपनी सहेली के साथ स्कूल पढ़ने गई थी। आधी छुट्टी के बाद उसे पेट में दर्द हुआ, जिस पर उसने अपनी शिक्षिका शशि किरण मैडम को बुलाया। इसी दौरान प्राचार्य संतोष पटेल कक्षा में आए और बिना किसी कारण छात्रा के गाल पर थप्पड़ मार दिया, जिससे वह गिर गई।

प्राचार्य ने उसकी सहेली छात्रा को भी बाल पकड़कर पीटा और जमीन पर गिरा दिया, जिसके बाद एक छात्रा बेहोश हो गई। यह घटना दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे के बीच की बताई जा रही है।

**प्राचार्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज:** छात्राओं से मारपीट के इस मामले में पुलिस ने प्राचार्य संतोष पटेल के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इनमें किशोर न्याय अधिनियम (जेजे एक्ट) की धारा 75, अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(आर) और 3(2)(1-ए) सहित अन्य प्रासंगिक धाराएं शामिल हैं।

रामनगर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित छात्रा का चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल एग्जामिनेशन) कराया गया है। पुलिस ने फरियादी के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मंडल द्वारा बच्चों के लिए सहयोग



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मंडल ने अध्यक्ष सीमा अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल के नेतृत्व में मातृ छाया में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को दूध के डिब्बे, इनर पजामे, टोपी, कपड़े और पुराने चादर-साड़ियां वितरित की गईं।

इस अवसर पर प्रीति, जया, मोनिका, हेमा, और मृदुला जैसी समाजसेवी महिलाएं भी उपस्थित रहीं। उन्होंने इस पहल की सराहना की और बच्चों के चेहरे पर खुशी देखकर संतोष व्यक्त किया। अग्रवाल महिला मंडल का यह प्रयास न केवल बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाने का कार्य कर रहा है। संस्था का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने एकजुटता और सहयोग की भावना को प्रदर्शित किया, जिससे समाज में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।

# स्वच्छता जागरूकता एवं नशा मुक्त जागरूकता अभियान जारी, स्वच्छ सतना लक्ष्य अपना के लगे नारे



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना शहर को स्वच्छ, नशा मुक्त, स्वस्थ शहर बनाने एवं अपराध मुक्त समाज, भ्रष्टाचार मुक्त समाज की परिकल्पना के साथ स्वच्छता द्वारा बेहतर शहरी स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के दृष्टिगत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय शुक्ला सतना में जागरूकता कार्यक्रम इं. धर्मेंद्र सिंह परिहार, नगर पालिक निगम सतना के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में सभी से सतना को स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिलाने में अपनी सहभागिता निभाने का अनुरोध किया गया। सभी को स्वभाव में स्वच्छता और संस्कार में स्वच्छता लाने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। कचड़े को चार भागों में गीला, सूखा, सेनेटरी और घरेलू हानिकारक कचरे में विभाजित करने का भी अनुरोध किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से आगामी चुनावों के स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी, प्रलोभन रहित और सुरक्षित होने का प्रयास करने की अपील की गई। उपस्थित मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया गया।

सभी से सिंगल यूज़ पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने और नगर पालिक निगम सतना द्वारा स्थापित बर्तन बैंक का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। इसके साथ ही, पुरानी सामग्री के पुन: उपयोग के लिए नेकी का कोना या नेकी की दीवार बनाने का सुझाव दिया गया, जहां लोग अपनी अच्छी हालत की पुरानी सामग्री रख सकें। सब्जी, फल और फूल के कचरे से होम कंपोस्टिंग करके खाद बनाने का अनुरोध किया गया, ताकि शहर में हरियाली बढ़ाने में सहयोग किया जा सके।

कार्यक्रम में नीलम नामदेव (प्रधान अध्यापक), प्राणेश कुमार मिश्रा, अंजू मिश्रा, गोविंद प्रसाद गौतम, अनीता सिंह, कमला सोनी, धीरेंद्र सिंह बघेल, उर्मिलाबारी, संगीता विश्वकर्मा, छात्र-छात्राएं और अनेक अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में इंजी. धर्मेंद्र सिंह ने सभी को स्वच्छता शपथ और उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई।

## आंगन में खेल रही बच्ची को बस ने कुचला, मौत; बस चालक फरार



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले के अमरपाटन में एक तेज रफ्तार बस ने घर के बाहर खेल रही बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौत हो गई है। इसके बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना लालपुर गांव के पास मंगलवार शाम करीब 5 बजे की है। मृतक बच्ची का नाम आरूषी पिता किसन केवट है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर लिया। पुलिस ने आरोपी बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस अमरपाटन से रीवा जा रही थी और उसकी रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। सिविल अस्पताल अमरपाटन के मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील गुप्ता ने बताया कि बच्ची को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। एमएलसी रिपोर्ट पुलिस को भेज दी गई है। बच्ची की मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हुई है।

## भगवान अयप्पा मंदिर में अग्रवाल समाज ने की आरती



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** बांधवगढ़ कॉलोनी में स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में रविवार, 12 अक्टूबर को अग्रवाल समाज द्वारा पूजा, अर्चना कर भगवान की सामूहिक आरती की गई और भोग प्रसाद अर्पण किया गया।

समाज के प्रवक्ता सौरभ अग्रवाल 'रम्पू' ने बताया कि अयप्पा मंदिर के सेवा भक्तों के निवेदन पर मंडल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल समाज ने इस अवसर पर पूजा अर्चना की। अयप्पा मंदिर समिति ने समाज के सभी बंधुओं का स्वागत करते हुए पूरे मंदिर का अवलोकन कराया। मातृशक्ति ने सभी का स्वागत स्वादिष्ट व्यंजनों से किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महामंत्री राम अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीप अग्रवाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल (कल्लू मट्ठू), सहमंत्री मोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल (गोलू), मीडिया प्रभारी सौरभ अग्रवाल (रम्पू), सह मीडिया प्रभारी राकेश अग्रवाल (अग्रसेन), मंच संयोजक संजय अग्रवाल (आशीर्वाद), बूटीबाई विद्यालय अध्यक्ष कमलराजन अग्रवाल, पूर्व महामंत्री मनोज अग्रवाल, अग्रसेन क्लब अध्यक्ष सुमित अग्रवाल सोमू, मंडल कार्यकारिणी सदस्य के.के. अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल (मानस), प्रकाश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल (साफा), अनिल अग्रवाल (वैष्णो भोजनालय), राजकुमार अग्रवाल टिंकू, राजेश अग्रवाल (पालिका), सचिन अग्रवाल (जेवर) एवं अन्य अग्रबंधुओं सहित अयप्पा मंदिर के सेवादारी, मातृशक्ति एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## जिले की जनसुनवाई में आये 55 आवेदन

**मैहर।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 55 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजना जैन, एसडीएम दिव्या पटेल, एसपी मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरौधा से पिंडरा तक पदयात्रा कर, सुभाष शर्मा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** बरौधा से पिंडरा तक पदयात्रा करते हुए, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुभाष शर्मा ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर को चेतावनी भरा मांग पत्र सौंपा। इस पदयात्रा के दौरान, सुभाष शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए यह आवश्यक है कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान दे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे धरना प्रदर्शन सहित जेल भरो आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

सुभाष शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में कई मुद्दे हैं, जिनमें सड़कें, पानी, और बिजली की समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि वे इन मुद्दों को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द समाधान करें।

पदयात्रा में सुभाष शर्मा के साथ कई समर्थक और स्थानीय निवासी भी शामिल हुए, जिन्होंने उनकी मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। इस प्रकार, सुभाष शर्मा ने एकजुटता के साथ अपनी आवाज उठाई है, और अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 1 नवम्बर को कन्या महाविद्यालय में

**सतना।** युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देश के पालन में 1 नवम्बर 2025 को प्रात: 9.30 बजे से शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना में जिला स्तरीय युवा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेटिंग, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान तथा मेला प्रदर्शनी सहित 7 विधाओं में से किसी एक विधा में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को आवेदन फार्म के साथ फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, बैंक पासबुक की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## अखिल भारतीय यादव महासभा ने स्वामी आनंद स्वरूपा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अखिल भारतीय यादव महासभा (म.प्र.) ने सतना में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर स्वामी आनंद स्वरूपा के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि स्वामी आनंद स्वरूपा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और ओबीसी समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है, जिससे समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल यादव के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने 14 अक्टूबर 2025 को मामला दर्ज कराने के लिए थाना में अपील की है और कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि स्वामी आनंद स्वरूपा की टिप्पणियों ने यादव समुदाय और ओबीसी वर्ग के लोगों में नाराजगी पैदा की है। महासभा के सदस्यों ने कहा कि ऐसे बयानों से समाज में तनाव बढ़ सकता है और इससे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंच सकता है।

इस मांग को लेकर पूर्व पार्षद के एल यादव, भानू प्रताप यादव, नारायण यादव, मजनू यादव, सोले, संतोष यादव, एवं सैकड़ों यादव और पिछड़े समाज के लोग भी उपस्थित थे। उन्होंने एकजुट होकर इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई और उचित कार्रवाई की मांग की।

## युवा संगम मेला आज शासकीय आईटीआई में

**सतना।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सतना एवं शासकीय आईटीआई सतना के सहयोग से 15 अक्टूबर 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चैतन्य फायनेंस, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, प्राकृतशील एग्रोटेक, देवा इंटरप्राइजेज, मदरशन सूमि, बीजी इलेक्ट्रीकल्स एवं इलेक्ट्रानिक्स इंडिया लिमिटेड तथा औरंगाबाद ऑटो एनसीलेरी प्राइवेट लिमिटेड में पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 40 वर्ष के बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# 7 रेस्टोरेंट से 8 सैंपल लिए, 4 सिलेंडर जब्त; दीपावली से पहले चित्रकूट में प्रशासन की संयुक्त दबिश



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** दीपावली से पहले चित्रकूट में खाद्य मिलावट को रोकने के लिए जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने 7 रेस्टोरेंट की जांच की। इस दौरान 8 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और दो रेस्टोरेंट से कुल 4 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर की गई।

टीम ने सबसे पहले श्रीधर धाम दास हनुमान रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। यहां घरेलू सिलेंडरों का उपयोग पाया गया, इसलिए 3 सिलेंडर जब्त किए गए। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तराजू में सील न होने के कारण उसे भी जब्त किया गया। यहां से पापड़ का नमूना भी लिया गया।

**घरेलू सिलेंडर यूज करने पर नोटिस:** प्रांशू डेयरी में भी घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा था। टीम ने एक सिलेंडर जब्त किया और घी, पनीर, दूध व दही के नमूने लिए। इसके साथ ही डेयरी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। रिवर फ्रंट रिसॉर्ट की रसोई में कई अनियमितताएं पाई गईं। कीट प्रबंधन की कमी के कारण कुछ खाद्य पदार्थों में कीड़े मिले। बासी भोजन को मौके पर नष्ट किया गया और पनीर, रेड चिली सॉस और गेहूं के आटे के नमूने लिए गए। जांच दल में खाद्य सुरक्षा और नाप-तौल विभाग के अधिकारी शामिल थे।

## सदगुरु बाबा मनोहरशाह जी का 44 वां वरसी महोत्सव से प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सदगुरु बाबा मनोहर शाह साहब जी का 44 वां वरसी महोत्सव कंवर नगर सिंधी कॉलोनी स्थित मनोहर धाम में महंत स्वामी संतोख दास उदासीन के सानिध्य में आज 15 अक्टूबर से बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आश्रम के सेवादारी दिलीप सोनी एवं संजय वाधवानी ने बताया कि वरसी महोत्सव का भव्य शुभारंभ 15 अक्टूबर, बुधवार को प्रात: 11:00 बजे सत्संग से होगा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे आरती एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। संध्या में सायं 7:30 बजे से 9:30 बजे तक माता की चौकी एवं सुंदर सांस्कृतिक झांकी नृत्य का आयोजन होगा, जिसमें बाहर से पधारे हुए कलाकार भाग लेंगे। तीन दिवसीय वरसी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। सोनी एवं वाधवानी जी ने आगे बताया कि इस महोत्सव में अनेक संत महात्माओं द्वारा भक्तों पर अमृत की वर्षा की जाएगी। यज्ञ हवन की पूर्ण आहुति और बालक मंडली गोवर्धन दास दिलीप कुमार द्वारा सुंदर भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।